
हरिभूमि
# रायपुर भूमि



## बारिश में नाला उफान पर रहेगा, नदी में बढ़ेगी गंदगी

बारिश का सीजन चल रहा है। ऐसे में चिंगरी नाला से जितनी गंदगी अभी बहकर नदी में गिर रही है। इसकी रफ्तार अच्छी व भारी बारिश होने के बाद और बढ़ेगी, क्योंकि चिंगरी नाला के पास कचरा रोकने के लिए जो जाली लगाई गई है, उसकी ऊंचाई बहुत कम है, जबकि चिंगरी नाला की चौड़ाई लगभग 30 से 40 फीट है। ऐसे में बारिश का पानी के साथ बहाव और तेज हो जाएगा, जिससे नाला उफान में रहेगा। ऐसी स्थिति में नाला में लगी जाली भी काम नहीं आएगी। इसके कारण नदी में बारिश के दिनों में और ज्यादा गंदगी जाने की संभावना बनेगी।



हरिभूमि फॉलोअप

# न सिस्टम सुधरा...न सुधरी खारुन
## चिंगरी नाला की गंदगी अभी भी नदी में

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायपुर

राजधानीवासियों की प्यास बुझाने वाली खारुन नदी में झाग बनने की खबर को हरिभूमि ने प्राथमिकता से प्रकाशित किया था। इस खबर के बाद नगर निगम प्रशासन हरकत में आया और टीम भेजकर खारुन नदी की सफाई कराई। इस दौरान भारी मात्रा में नदी से गंदगी निकाली गई, पर चिंगरी नाला से अब भी गंदगी व दूषित पानी लगातार नदी में जा रहा है। पीहर के पास चिंगरी नाले में जाली लगाकर कचरा रोकने का प्रयास किया गया है, पर ⏭ शेष पेज 7 पर

### जांच रिपोर्ट से पता चलेगा, पानी कितने प्रतिशत दूषित

नदी का पानी का सैंपल की जांच रिपोर्ट अभी आई नहीं है। जांच रिपोर्ट आने के बाद ही खुलासा होगा कि निगम के नलों के माध्यम से जनता जो पानी पी रही है वह कितने प्रतिशत शुद्ध व दूषित है।

## खबर संक्षेप

### शराब घोटाला में अरविंद ढिल्लन ईडी की रिमांड पर

**रायपुर।** शराब घोटाला में स्पेशल कोर्ट ने शराब कारोबारी अरविंद सिंह तथा त्रिलोक ढिल्लन को पांच दिनों के लिए ईडी की रिमांड पर देने का फैसला सुनाया है। गौरतलब है कि पूर्व में ईडी सेवानिवृत्त आईएएस अनिल टूटेजा को रिमांड पर लेकर पूछताछ कर चुकी है। साथ ही महादेव सट्टा एप मामले में निलंबित एएसआई चंद्र भूषण वर्मा, सतीश चंद्राकर, भीम सिंह यादव, गिरीश तलरेजा, सूरज चोखानी, असीम दास, नीतीश दीवान सहित अन्य आरोपियों की स्पेशल कोर्ट ने न्यायिक रिमांड की अवधि 24 अगस्त तक के लिए बढ़ा दी है। रोल घोटाला मामले में निलंबित आईएएस रानू साहू ने कोर्ट में जमानत याचिका दायर की है। रानू की जमानत याचिका पर नौ जुलाई को सुनवाई होगी।

### हत्या के आरोपी ने कोर्ट में सरेंडर किया

**रायपुर।** कबीर नगर थाना क्षेत्र में छह दिन पूर्व हत्या के आरोप में एक फरार आरोपी ने कोर्ट में सरेंडर किया, एक नाबालिग को उसके परिजनों ने पुलिस के सुपुर्द किया।

हर सेक्टर में कीमत बढ़ाने का चल रहा है खेल

# चुनाव के बाद बाजार की बदली चाल
# आम आदमी महंगाई से हो रहा बेहाल

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायपुर

हरिभूमि सरोकार

पहले से ही महंगाई से बेहाल आम आदमी को चुनाव के बाद जोर का झटका लगा है। लोकसभा चुनाव के बाद बीस से तीस फीसदी तक कीमतें बढ़ गई हैं। ज्यादा परेशानी रसोई के सामान को लेकर हो रही है। इसकी लगातार बढ़ती कीमत के कारण आम आदमी के घर के बजट में 50 फीसदी तक का इजाफा हो गया है। हर माह किसी न किसी सामान की कीमत में इजाफा हो रहा है। चावल की स्थिति तो यह है कि चुनाव के बाद 10 से 12 रुपए रुपए किलो तक का इजाफा हो गया है। इसी के साथ दूसरे सामान की कीमत भी लगातार बढ़ रही है। दूध, दही, पनीर, सब्जी से लेकिर मोबाइल का रीचार्ज, बिजली भी महंगी हो गई है। घर बनाना भी महंगा हो गया है। बिल्डिंग मटेरियल की कीमत भी लगातार बढ़ रही है। इस बात की चर्चा तो पहले से ही थी कि लोकसभा का चुनाव निपटने के बाद कई ⏭ शेष पेज 7 पर

### लगातार बढ़ रही चावल की कीमत



चावल की कीमत में लगातार इजाफा हो रहा है। अब तो खुले बाजार में मोटा चावल थोक में 40 रुपए और चिल्हर में 45 रुपए किलो हो गया है। जहां तक पतले चावल का सवाल है को अब कोई भी पतला चावल 70 रुपए किलो से कम का नहीं है। काली मूंछ केसर मलाई चावल थोक में 62 से 65 रुपए हैं। जहां तक चिल्हर का सवाल है, तो चिल्हर में यह 68 से 70 रुपए तक बिक रहा है। इसी तरह से एचएमटी चावल थोक में 50 से 58 और चिल्हर में 55 से 65 रुपए, जय श्री राम चावल थोक में 60 से 65 और चिल्हर में 68 से 70 रुपए है। जवां फूल चावल थोक में 74 से 80 और चिल्हर में 85 से 90 रुपए है। बासमती चावल की कीमत थोक में 90 से 140 और चिल्हर में 100 से 160 रुपए है। ज्यादातर चावलों की कीमत चुनाव के बाद 10 से 12 रुपए किलो पर बढ़ी है।

### अरहर दाल में चुनाव के बाद 40 रुपए का इजाफा

अरहर दाल की कीमत फिर आसमान पर चली गई है। चुनाव से पहले इसकी कीमत अच्छी क्वालिटी की 160 रुपए थी जो अब 190 से 200 रुपए हो गई है। साल के प्रारंभ में अच्छी क्वालिटी की दाल 140 रुपए में मिल रही थी। चुनाव से पहले इसकी कीमत में 20 रुपए का इजाफा हुआ और अब तक 40 रुपए का इजाफा हो गया है। अन्य दालों की बात करें तो मूंग दाल चिल्हर में 140 से 150 रुपए और उड़द दाल धुली 160 रुपए किलो है। देशी चना थोक में 70 से 75 और चिल्हर में 90 रुपए किलो बिक रहा है। काबुली चना 180 रुपए किलो हो गया है। मटर थोक में 80 से 85 और चिल्हर में 95 से 100 रुपए किलो बिक रहा है। सभी तरह की दालों की कीमत चुनाव के बाद 10 से 20 रुपए बढ़ गई है।

### चुनाव के पहले और अब की कीमत

- पतला चावल 60 से बढ़कर 70 रुपए
- अरहर दाल 160 से बढ़कर 200 रुपए
- हल्दी 180 से बढ़कर 260 रुपए
- धनिया 160 से बढ़कर 200 रुपए
- लहसुन 220 से बढ़कर 300 रुपए
- आलू 20 से बढ़कर 40 रुपए
- प्याज 20 से बढ़कर 40 रुपए
- सर्फ 65 से बढ़कर 80 रुपए
- टूथ पेस्ट 56 से बढ़कर 64 रुपए
- मिक्चर 180 से बढ़कर 220 रुपए
- टमाटर 20 से बढ़कर 80 रुपए
- दूध 54 से बढ़कर 56 रुपए
- दही 140 से बढ़कर 160 रुपए
- पनीर 400 से बढ़कर 440 रुपए
- इलायची 2500 से बढ़कर 4000
- चायपत्ती 280 से बढ़कर 300
- काजू 900 से बढ़कर 1200
- सीमेंट 300 से बढ़कर 320

⏭ शेष पेज 7 पर

### आलू-प्याज की कीमत डबल



आमतौर पर आलू की कीमत चिल्हर में 15 से 25 रुपए के बीच रहती है, लेकिन चुनाव के बाद इसकी कीमत में पहली बार बड़ी तेजी सामने आई है। इसकी कीमत थोक में 25 से 28 और चिल्हर में 35 से 40 रुपए हो गई है। इसकी कीमत का चिल्हर में कोई माई-बाप नहीं है। जिसकी जितनी मर्जी उतने में बेच रहा है। प्याज की कीमत भी चिल्हर में 40 रुपए हो गई है। प्याज चुनाव के पहले 20 रुपए किलो था।

### मसालों के दाम भी तेज



किचन के सामानों में मसालों की कीमत भी लगातार बढ़ रही है। मसालों की कीमत में 25 फीसदी तक का इजाफा हुआ है। हालांकि अब जीरा 800 रुपए से कम होकर 440 रुपए पर आ गया है। लेकिन यह कीमत अब भी डबल से ज्यादा है, क्योंकि जीरा कभी 200 रुपए किलो से ज्यादा नहीं जाता था। इलायची की कीमत में अचानक 15 सौ रुपए की तेजी आई है। 25 सौ वाली इलायची चार हजार रुपए किलो हो गई है। लहसुन की कीमत चिल्हर में 300 रुपए हो गई है। सब्जियों की कीमत भी आसमान पर है।







## खबर संक्षेप



### सीएम साय से दपूमरे की जीएम नीनू ने की भेंट

रायपुर। मुख्यमंत्री विष्णु देव साय से शुक्रवार को उनके निवास कार्यालय में दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे की महाप्रबंधक सुश्री नीनू इटियेरा ने सौजन्य मुलाकात की। मुख्यमंत्री श्री साय ने सुश्री इटियेरा से छत्तीसगढ़ राज्य में रेल सुविधाओं से संबंधित विभिन्न मुद्दों पर चर्चा की। इस अवसर पर रायपुर रेलमंडल के डीआरएम संजीव कुमार भी उपस्थित रहे।

### जहरीले सर्प की पहचान संरक्षण, रेस्क्यू में बरती जाने वाली सावधानी बताई



रायपुर। नवा रायपुर स्थित जंगल सफारी में सांपों के संरक्षण पर आधारित कार्यशाला आयोजित की गई। इस कार्यशाला में शामिल हुए स्कूली बच्चों और लोगों को सांप विशेषज्ञ डा. स्वामी और आदर्श श्रेष्ठ ने सांपों का संरक्षण जरूरी क्यों है? सांपों की कैसे पहचान करें, कौन सा सांप कितना जहरीला है, सांप रेस्क्यू के दौरान किस तरह की सावधानी बरतनी चाहिए, इनके बारे में बारीकी और विस्तार से जानकारी दी। इस दौरान प्रतिभागियों ने सांपों को लेकर कई प्रश्न भी पूछे, जिनका जवाब विशेषज्ञों ने दिया। इस अवसर पर जंगल सफारी के संचालक धम्मशील गणवीर के अलावा जंगल सफारी के युवान वालंटियर्स अनुपम यादव, पल्लवी, नरेंद्र, गाइड्स और स्टॉफ उपस्थित रहे।

### मुख्यमंत्री ने प्रदेशवासियों को रथयात्रा की दी बधाई

रायपुर। मुख्यमंत्री विष्णु देव साय ने प्रदेशवासियों को भगवान जगन्नाथ की रथयात्रा की बधाई और शुभकामनाएं दी हैं। उन्होंने इस अवसर पर भगवान जगन्नाथ से सभी नागरिकों की शांति ,सुख, समृद्धि और खुशहाली की प्रार्थना की है। श्री साय ने रथयात्रा की पूर्वसंध्या पर जारी अपने बधाई संदेश में कहा कि भारत में महाप्रभु जगन्नाथ के धाम पुरी सहित सभी स्थानों में रथयात्रा निकाली जाती हैं। यह भारत की मजबूत सांस्कृतिक एकता और सौहार्द्र का प्रतीक है। प्राचीन काल से ही छत्तीसगढ़वासियों की भगवान जगन्नाथ में गहरी आस्था रही है। उत्कल समाज के साथ सभी छत्तीसगढ़वासी प्रतिवर्ष भक्ति भाव और श्रद्धा के साथ भगवान जगन्नाथ, उनके भाई बलभद्र और बहन देवी सुभद्रा की रथयात्रा निकालते हैं।

### झेरिया यादव समाज का भवन लोकार्पण आज

रायपुर। छत्तीसगढ़ झेरिया यादव समाज महानगर इकाई के तत्वावधान में 7 जुलाई को सामुदियक भवन का लोकार्पण कार्यक्रम होगा। यह कार्यक्रम सरोना स्थित संत रविदास वार्ड 70 में दोपहर 12 बजे से प्रारंभ किया जाएगा। इस कार्यक्रम में समाज के नवनिर्मित भवन का लोकार्पण, सामाजिक विभूतियों का सम्मान, मेघावी छात्र-छात्र सम्मान एवं सांस्कृतिक कार्यक्रम रखा गया है। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि विधायक राजेश मूणत होंगे। कार्यक्रम की अध्यक्षता समाज के प्रदेशाध्यक्ष जगनीक यादव करेंगे। विशिष्ट अतिथि सुंदरलाल यादव, राजेश ठाकुर, रूगू यादव, जितेंद्र यादव, शत्रुघन यादव, प्रीतम यादव आदि होंगे।

### अतुल नंद बने ब्राह्मण संगठन के प्रदेश प्रवक्ता

रायपुर। ब्राह्मण अंतर्राष्ट्रीय संगठन के प्रदेश अध्यक्ष सुदेशधर दीवान ने



अतुल नंद शुक्ला को संगठन का प्रदेश प्रवक्ता नियुक्त किया है। साथ ही उनसे अपेक्षा की है कि वे संगठन को मजबूती प्रदान करने में अपना योगदान देंगे।

# ज्वाइनिंग के बाद लंबे समय से गायब 66 चिकित्सा अधिकारियों को कारण बताओ नोटिस

## ज्वाइनिंग और स्पष्टीकरण के लिए सात दिन की मोहलत, नहीं तो कार्रवाई

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

स्वास्थ्य केंद्रों में चिकित्सा अधिकारी के रूप में पदस्थ किए गए 66 डाक्टर ज्वाइनिंग देने के बाद गायब हो गए। सभी को कारण बताओ नोटिस जारी कर सात दिनों के भीतर उपस्थित होकर स्पष्टीकरण देने के लिए कहा गया है। चेतावनी दी गई है कि ऐसा नहीं किए जाने पर उनके खिलाफ आवश्यक कार्रवाई की जाएगी।

स्वास्थ्य संचालनालय द्वारा तमाम मुख्य चिकित्सा अधिकारी, सिविल सर्जन सह मुख्य अस्पताल अधीक्षक की ओर से इन चिकित्सा अधिकारियों को कारण बताओ नोटिस जारी किया गया है। स्नातक की पढ़ाई पूरी होने के बाद बड़ी संख्या में चिकित्सों को स्वास्थ्य केंद्रों, जिला अस्पतालों में आपात चिकित्सा अधिकारी (सीएमओ) के रूप में पदस्थ किया गया था। इनमें से अधिकतर लोगों ने ज्वाइनिंग दी और उसके बाद बिना कारण बताए अनुपस्थित हो गए। कारण बताओ नोटिस के दायरे में आए 38 डाक्टर ऐसे हैं, जिनकी अनुपस्थिति को तीन साल से अधिक का समय बीत गया है। इन चिकित्सकों को अपने पदस्थापना स्थल पर सात दिन के भीतर उपस्थित होने और कार्यालय प्रमुख के माध्यम से अनुपस्थित होने की वजह स्पष्ट करने के निर्देश दिए गए हैं। चेतावनी दी गई है कि इस अवधि में उनके उपस्थित नहीं होने पर आवश्यक कार्रवाई की जाएगी जिसके लिए वह स्वयं जिम्मेदार होंगे।



### ज्यादातर पीजी करने गए

*सूत्रों के मुताबिक जिन्हें कारण बताओ नोटिस जारी किया गया है, उनमें ज्यादातर चयनित होने के बाद पीजी की पढ़ाई करने चले गए। नियम के मुताबिक इन छात्रों को पढ़ाई के लिए विभागीय स्तर पर अनुमति लेनी पड़ती है। इनमें से कई के दस्तावेज जिला और संचालनालय स्तर पर लंबित है। इसके साथ कुछ चिकित्सा ऐसे भी हैं, जिन्होंने बिना बताए नौकरी छोड़ दी है। तीसरा तर्क यह भी है कि चिकित्सा छात्रों को दो साल का अध्ययन अवकाश दिया जाता है, जबकि पाठ्यक्रम तीन साल का होता है। इसकी वजह से भी वे पुनः अपने कार्यस्थल पर समय पर उपस्थित नहीं हो पाते।*

## एक दिन पहले पहुंचेंगे मंडल और पंचायत अध्यक्ष

# भाजपा की कार्यसमिति में नगरीय निकाय और पंचायत चुनाव पर होगा बड़ा मंथन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

प्रदेश में इस साल के अंत में होने वाले नगरीय निकाय और पंचायत चुनाव को लेकर भाजपा संगठन अभी से जुट गया है। प्रदेश में एक बार फिर से बनी भाजपा सरकार नगर निगमों में महापौर और नगर पालिकाओं में अध्यक्ष का चुनाव प्रत्यक्ष कराने का मन बना चुकी है। इसको लेकर संगठन के साथ ही सांसद और विधायकों के साथ पहले ही रायशुमारी हो चुकी है। अब भाजपा की प्रदेश कार्यसमिति में पहली बार नगरीय निकायों और पंचायतों के जन प्रतिनिधियों को बुलाकर उनके साथ बड़ा मंथन करने की तैयारी है।

राजधानी रायपुर में दस जुलाई को होने वाली कार्यसमिति के एक दिन पहले ही भारी संख्या में नगरीय निकाय, पंचायतों के प्रतिनिधियों के साथ मंडल अध्यक्ष और कई जिलों के पदाधिकारी भी रायपुर पहुंच जाएंगे। इसको ठहराने की व्यवस्था करने में प्रदेश संगठन जुटा है। ठहराने के स्थान को लेकर परेशानी हो रही है, क्योंकि शादियों के सीजन के कारण धर्मशाला, भवन और होटल खाली नहीं हैं।

प्रदेश में भाजपा की सरकार बनने के बाद इस बार नगरीय निकाय चुनाव में जहां एक तरफ महापौर और अध्यक्ष का चुनाव प्रत्यक्ष कराने की तैयारी है, वहीं नगरीय निकाय के साथ ही पंचायत चुनाव भी कराने की तैयारी है। इसको लेकर बड़ा फैसला होना है। यही वजह है कि विधानसभा और लोकसभा चुनाव के बाद पहली बार हो रही भाजपा की प्रदेश कार्यसमिति को बड़े स्तर पर किया जा रहा है।



### सबकी लेंगे राय

दस जुलाई को राजधानी में होने वाली प्रदेश की कार्यसमिति में नगरीय निकायों से लेकर पंचायत स्तर के प्रतिनिधियों को इसलिए बुलाया गया है ताकि एक बार उनकी राय भी ली जा सके। इसके बाद नगरीय निकाय और पंचायत चुनाव को लेकर रणनीति बनेगी और सभी को अभी से जुटने के लिए कहा जाएगा। इसके अलावा भाजपा के नए राष्ट्रीय अध्यक्ष के लिए राज्यों में संगठन की चुनाव प्रक्रिया प्रारंभ होनी है। यह मंडल स्तर से होगी। ऐसे में कार्यसमिति में मंडल अध्यक्षों को बुलाया गया है। भाजपा के 405 मंडल हैं। मंडल स्तर से चुनाव की प्रक्रिया कब से प्रारंभ होगी, इसको लेकर भी फैसला होगा। इसी के साथ संगठन के आने वाले समय में क्या-क्या कार्यक्रम होंगे, उस पर फैसला किया जाएगा।

### नहीं मिल रहे भवन, होटल

कार्यसमिति में शामिल होने के लिए प्रदेश से भाजपा के नेता बड़ी संख्या में एक दिन पहले रायपुर पहुंचेंगे। संभावना है कि करीब एक हजार नेता एक दिन पहले ही रायपुर पहुंच जाएंगे। इनको ठहराने के लिए प्रदेश संगठन व्यवस्था करने में जुटा है, लेकिन सबसे बड़ी समस्या यह आ रही है कि जुलाई में शादियों का सीजन होने के कारण थोक में शादियां हैं। 9 और 11 जुलाई को शादियां होने के कारण भवन, मैरिज हॉल, होटल, धर्मशालाएं खाली नहीं हैं। ऐसे में ठहराने के स्थान को लेकर परेशानी हो रही है। शदाणी दरबार में भी व्यवस्था करने का प्रयास हो रहा है। इसी के साथ अन्य स्थान भी देखे जा रहे हैं।

### छत्तीसगढ़ की महतारी सदन योजना गुजरात में भी लागू करने की तैयारी

रायपुर। छत्तीसगढ़ के उपमुख्यमंत्री विजय शर्मा ने शनिवार को गुजरात प्रवास के दौरान गुजरात के मुख्यमंत्री भूपेंद्र पटेल से सीएम सचिवालय में मुलाकात की। उन्होंने छत्तीसगढ़ के मुख्यमंत्री विष्णु देव साय की तरफ से शुभकामनाएं दीं और उन्हें छत्तीसगढ़ आने का न्योता दिया। इस दौरान उपमुख्यमंत्री ने प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की गारंटी को पूरा करते हुए छत्तीसगढ़ में चलाई जा रही योजनाओं की जानकारी दी। उपमुख्यमंत्री ने छत्तीसगढ़ में महिलाओं के लिए बनाई जा रही



महतारी सदन योजना की विस्तार से जानकारी दी। भूपेंद्र पटेल ने इस योजना की सराहना की और इसे एक आदर्श पहल बताया। उन्होंने तुरंत अपने अधिकारियों को इस योजना का अध्ययन करने और इसे गुजरात में भी लागू करने की संभावनाओं पर विचार करने के निर्देश दिए। स्वर्णिम संकुल 2, जनसंपर्क इकाई, मुख्यमंत्री सचिवालय में उन्होंने टेक्नोलॉजी के प्रयोग से विभिन्न आवेदनों के निगरानी व निराकरण प्रयोगों का अध्ययन किया। इस अवसर पर चिप्स (छत्तीसगढ़ इंफोटेक प्रमोशन सोसाइटी) के सीईओ रितेश अग्रवाल और चिप्स की टेक्निकल टीम भी उपस्थित थी।

## मुखर्जी जयंती पर भारत माता की आरती में शामिल हुए मुख्यमंत्री



हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

संकल्प फाउंडेशन के तत्वावधान में डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी की जन्म जयंती के अवसर पर केनाल रोड भारत माता चौक पर शनिवार की शाम को देशभक्ति गीत संध्या एवं भारत माता की आरती के कार्यक्रम में प्रदेश के मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय और भाजपा के कई नेता शामिल हुए।

मुख्यमंत्री विष्णु देव साय ने राष्ट्र की अखंडता और समाज की उन्नति के लिए आजीवन कार्य करने वाले महान चिंतक डॉ. श्यामाप्रसाद मुखर्जी की जयंती पर उन्हें नमन किया।

भाजपा ने शनिवार को प्रदेश भर में डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी की जयंती पर कई कार्यक्रमों का आयोजन किया। रायपुर में भी कई कार्यक्रम हुए। सबसे अहम भारत माता चौक में हुए कार्यक्रम में प्रदेश के मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय भी शामिल हुए। वे यहां पर भारत माता की आरती के कार्यक्रम में शामिल हुए। इस कार्यक्रम में प्रदेश के मंत्री टंकराम वर्मा, विधायक पुरंदर मिश्रा, मोतीलाल साहू, गुरु खुशवंत साहेव, भाजपा के प्रदेश महामंत्री संजय श्रीवास्तव सहिच कई नेता शामिल हुए।

### एकात्म परिसर में भी कार्यक्रम

*भारतीय जनसंघ के संस्थापक डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी की जयंती पर अलग-अलग कार्यक्रमों में भाजपा के वरिष्ठ नेता रायपुर सांसद बृजमोहन अग्रवाल, प्रदेश के मंत्री केदार कश्यप, विधायक राजेश मूणत, पुरंदर मिश्रा कार्यक्रमों में शामिल हुए। बृजमोहन अग्रवाल ने कहा,अखण्ड भारत की परिकल्पना के सूत्रधारों में डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी अग्रणी थे। सच्चिदानंद उपासने ने उनके जीवन काल पर विस्तृत प्रकाश डाला। एक पेड़ मां के नाम पर डीडी नगर में हुए वृक्षारोपण में केदार कश्यप एवं रायपुर पश्चिम विधायक राजेश मूणत उपस्थित रहे। डॉ. श्यामाप्रसाद मुखर्जी की जयंती पर एकात्म परिसर में उपाध्यक्ष श्रीमती लक्ष्मी वर्मा, महामंत्री संजय श्रीवास्तव, वरिष्ठ भाजपा नेता सच्चिदानंद उपासने, सहित कई नेता उपस्थित रहे।*

# नितिन नवीन पर राष्ट्रीय संगठन ने जताया भरोसा, छत्तीसगढ़ में कद बढ़ा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

▪ विधानसभा चुनाव के बाद लोकसभा चुनाव में भी रही अहम भूमिका

भाजपा के राष्ट्रीय संगठन ने दो दर्जन राज्यों के प्रभारी और सह प्रभारी तय किए इसमें कई राज्यों के प्रभारी बदल दिए गए। बदला तो छत्तीसगढ़ का भी प्रभारी गया, लेकिन सह प्रभारी नितिन नवीन पर भरोसा जताते हुए राष्ट्रीय संगठन ने उनको छत्तीसगढ़ का प्रदेश प्रभारी बना दिया है। वे बिहार के मंत्री भी हैं। इसके पहले भी वे बिहार के मंत्री रहते हुए छत्तीसगढ़ के सह प्रभारी रह चुके हैं। अब उनको बड़ा जिम्मा दिया गया है। उनकी यहां पर विधानसभा चुनाव के बाद लोकसभा के चुनाव में भी अहम भूमिका रही है। लोकसभा चुनाव के समय तो वे चुनाव प्रभारी भी थे। अब उनके ही नेतृत्व में साल के अंत में नगरीय निकाय के चुनाव होंगे।



विधानसभा चुनाव से पहले बीते साल प्रदेश प्रभारी का जिम्मा डी. पुरंदेश्वरी के स्थान पर ओम माथुर को दिया गया था। उनको प्रदेश में भाजपा की फिर से सरकार बनाने की बड़ी जिम्मेदारी के साथ राष्ट्रीय संगठन ने भेजा था। इस जिम्मेदारी पर श्री माथुर खरे भी उतरे और प्रदेश में भाजपा की सरकार बन गई। विधानसभा चुनाव में जहां प्रदेश प्रभारी ओम माथुर की अहम भूमिका रही, वहीं सह प्रभारी नितिन नवीन ने भी रणनीति बनाने में अहम रोल निभाया। इसके बाद जब इस साल लोकसभा के चुनाव हुए तो इनमें ओम माथुर की लगातार प्रदेश से दूरी रही। उनको दूसरी बड़ी जिम्मेदारी देने के कारण चुनाव में नितिन नवीन को प्रदेश का चुनाव प्रभारी बनाया गया, हालांकि तब उनको प्रदेश प्रभारी घोषित नहीं किया और सहप्रभारी ही रहे। हालांकि भाजपा के पदाधिकारियों यह कहते रहे हैं कि लोकसभा चुनाव के बीच में ही उनको मौखिक रूप से प्रदेश प्रभारी भी बना दिया गया था। लोकसभा के चुनाव में भाजपा को 11 में से दस सीटों पर जीत मिली। ऐसे में लोकसभा चुनाव के बाद इस बार नितिन नवीन 15 और 16 जून को जब दो दिनों के दौरे पर प्रदेश संगठन की बैठकें लेने आए तो इस बार वे यहां पर प्रदेश प्रभारी के रूप में ही आए। उन्होंने यहां पर प्रदेश संगठन के साथ विधायक दल और सांसदों की भी बैठक ली। अब 10 जुलाई को होने वाली प्रदेश कार्यसमिति से पहले भाजपा के राष्ट्रीय संगठन ने श्री नवीन को अधिकृत रूप से प्रदेश प्रभारी बना दिया है।

# प्रदेश कांग्रेस ने बनाया संगठन में बड़े बदलाव का प्लान, जिला अध्यक्षों से होगी शुरुआत

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

▪ नगरीय निकाय चुनाव को देखते हुए कांग्रेस बना रही रणनीति

छत्तीसगढ़ प्रदेश कांग्रेस संगठन ने चुनाव में हार की समीक्षा के बाद संगठन में गुटबाजी खत्म करने बड़े बदलाव का प्लान बनाया है। संगठन में सभी रिक्त पदों को भरने के साथ नगरीय निकाय चुनाव और विधानसभा उप चुनाव को देखते हुए सभी लोगों को एकजुट करने का प्रयास शुरू हो गया है। प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष दीपक बैज दो दिन तक दिल्ली में एआईसीसी के नेताओं और प्रदेश प्रभारी सचिन पायलट से चर्चा के बाद संगठन में जान फूंकने जिला अध्यक्षों से इसकी शुरुआत करेंगे।

प्रदेश अध्यक्ष की बागडोर संभालने के बाद दीपक बैज ने पुरानी कार्यकारिणी में कुछ परिवर्तन कर उसे आगे बढ़ाया था। विधानसभा और लोकसभा चुनाव को देखते हुए ज्यादा परिवर्तन नहीं किए गए थे। विधानसभा चुनाव के दौरान ही टिकट वितरण के बाद से ही आरोप प्रत्यारोप का दौर शुरू हुआ, जो लोकसभा चुनाव तक



चलता रहा। परिणाम यह हुआ कि पार्टी को हार का सामना करना पड़ा। एआईसीसी ने चुनावों में हार की समीक्षा के बाद जो सुझाव आए हैं, उनमें सबसे पहले संगठन को मजबूती देने का रहा। संगठन को मजबूती देने प्रदेश प्रभारी और प्रदेश अध्यक्ष को ऐसे पदाधिकारी जिनका काम ठीक नहीं, उन्हें बदलने और उनकी जगह नए लोगों को मौका देने का प्लान तैयार किया गया है। प्रदेश प्रभारी सभी जिला अध्यक्षों के साथ बैठक कर इस संबंध में वरिष्ठ नेताओं से राय लेकर यह काम पूरा किया जाएगा।

### प्रदेश पदाधिकारी सहित कई पद रिक्त

प्रदेश कांग्रेस संगठन में प्रदेश पदाधिकारी, प्रदेश महामंत्री, सचिव और जिला अध्यक्ष सहित कई पद रिक्त हैं। इन पदों पर नए लोगों को नियुक्त किया जाना है। कांग्रेस सूत्रों के अनुसार ये रिक्त पद कई समय से हैं। पहले भी इसे पूरा करने के प्रयास किए गए, लेकिन प्रदेश प्रभारी बदले जाने के बाद से यह लंबित पड़ा है। प्रदेश में आने वाले पांच माह में नगरीय निकाय और विधानसभा उप चुनाव के पहले संगठन में नियुक्ति कर ली जाएगी।

### समीक्षा कर लेंगे निर्णय

बताया जाता है कि प्रदेश में कांग्रेस सत्ता में रहने के दौरान संगठन के साथ समन्वय को लेकर कई बार विवाद की स्थिति पूर्व अध्यक्ष के साथ रही। चुनाव के तीन माह पहले ही संगठन से हटाए गए, उसके बाद संगठन को मजबूत करने के प्रयास नहीं हुए। चुनाव के दौरान जिला और ब्लॉक पदाधिकारियों को तवज्जो नहीं मिली। इसके कारण पदाधिकारियों और कार्यकर्ताओं के बीच असंतोष देखने में आया। अब इन बातों की समीक्षा कर जिला और ब्लॉक से ही बदलाव शुरू होगा।

## मूणत ने कहा-हमारा कोई भी कार्यकर्ता कांग्रेस के किसी भी बड़े नेता को दे देगा मात

# बृजमोहन बोले- कांग्रेस मुझसे पूछकर टिकट नहीं देगी तो जमानत जब्त हो जाएगी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

रायपुर दक्षिण की सीट पर होने वाले उपचुनाव में तो अभी समय है, लेकिन इसको लेकर लगातार सियासत हो रही है। इस सीट को लेकर रायपुर दक्षिण के पूर्व विधायक और रायपुर लोकसभा के सांसद बृजमोहन अग्रवाल का कहना है, कांग्रेस अगर मुझसे पूछकर टिकट नहीं देगी, तो उसकी जमानत जब्त हो जाएगी। इसी के साथ बृजमोहन अग्रवाल और रायपुर पश्चिम के विधायक राजेश मूणत ने कांग्रेस को चुनौती देते हुए कहा है, कांग्रेस चाहे किसी भी बड़े से बड़े नेता को यहां से मैदान पर उतार ले भाजपा का कोई भी कार्यकर्ता उनको मात देने में सफल होगा। दरसअल कांग्रस के नेता पूर्व मंत्री शिव डहरिया ने ही एक बयान दिया है कि कांग्रेस बृजमोहन अग्रवाल से




पूछकर ही कांग्रेस का टिकट तय करेगी। इसी के साथ श्री डहरिया ने यह भी कहा है कि उनकी श्री अग्रवाल से बात हुई है, लेकिन क्या बात हुई है, इसका खुलासा अभी नहीं करूंगा।

श्री डहरिया के बयान पर ही श्री अग्रवाल ने प्रतिक्रिया व्यक्त करते हुए कहा, मुझसे पूछकर टिकट न देने पर कांग्रेस की जमानत जब्त हो जाएगी। इसी के साथ रायपुर दक्षिण के उपचुनाव को लेकर श्री अग्रवाल ने कहा, हो जाए दो-दो हाथ, हम तैयार हैं।

### रामू रोहरा बोले- छत्तीसगढ़ में कांग्रेस 36 गुटों में बंटी

भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश महामंत्री जगदीश (रामू) रोहरा ने कहा, प्रदेश कांग्रेस नेतृत्व द्वारा अपने ही छात्र संगठन एनएसयूआई के आंदोलन-प्रदर्शन पर



पाबंदी लगाए जाने से साफ है कि कांग्रेस न केवल मुद्दाविहीन और वैचारिक तौर पर दिशाहीन नजर आ रही है, अपितु कांग्रेस में आज कोई किसी की सुनने को तैयार नहीं है। नतीजतन कांग्रेस में नेतृत्व के नाम पर गुटबाजी बढ़ रही है। श्री रोहरा ने कहा, छत्तीसगढ़ में कांग्रेस में 36 गुट हैं और नेता व कार्यकर्ता एक-दूसरे पर आरोप मढ़कर अपमानित करने से भी बाज नहीं आ रहे हैं। कार्यकर्ताओं को पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल स्लीपर सेल कह देते हैं, तो कांग्रेस पदाधिकारी व कार्यकर्ता उनके खिलाफ बेहिचक मोर्चा खोल रहे हैं। श्री रोहरा ने कहा, इतना सब होने के बावजूद कांग्रेस इन सारे घटनाक्रमों से कोई सबक लेने को तैयार नहीं है।

### जांच की आंच में राजनीतिक वजूद झुलसने के डर से भूपेश हैं बेचैन

भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश प्रवक्ता और पूर्व मंत्री राजेश मूणत ने शराब घोटाले से जुड़े नकली होलोग्राम की जब्ती के बाद पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश



बघेल के आए बयान पर पलटवार करते हुए कहा, जांच की आंच में राजनीतिक वजूद झुलसने के डर से भूपेश बघेल बेचैन हैं। श्री मूणत ने कहा, घोटाले के गिरफ्तार आरोपियों द्वारा पूछताछ के दौरान नकली होलोग्राम का सच स्वीकार करने के बाद भी भूपेश बघेल इस मामले में फिर मिथ्या प्रलाप करके नित नया प्रपंच फैला रहे हैं। श्री मूणत ने कहा, शराब घोटाले के मामले में श्री बघेल द्वारा रचे जा रहे राजनीतिक प्रपंच की उम्र ज्यादा लंबी नहीं है। देर-सबेर इस मामले का पूरा सच सामने आएगा और फिर दोषी चाहे कोई भी हो, उसकी जगह जेल की सलाखों के पीछे होगी।

## महंगाई पर बात करने का साहस क्यों नहीं दिखा रहे प्रधानमंत्री

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष दीपक बैज ने कहा, प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी बढ़ती महंगाई, बेरोजगारी पर चर्चा करने से भाग रहे हैं। मोदी सरकार जब से सत्ता में आई है, महंगाई से देश के नागरिकों की कमर टूटती जा रही है। महंगाई को लेकर कांग्रेस प्रदेश में जनआंदोलन छेड़ेगी। उन्होंने कहा, भाजपा सरकार बढ़ती महंगाई और बेरोजगारी को नियंत्रित करने में असफल और नाकारा साबित हुई है।



अभी हाल ही के सर्वे में एक बात सामने आई है कि मोदी सरकार की गलत नीतियों, रोजगार देने में असफलता, पेट्रोल, डीजल में मनमानी एक्साइज ड्यूटी, रेल यात्रा का महंगा होना, सड़कों पर टोल टैक्स की दरों में वृद्धि एवं आवश्यक वस्तुओं पर भी लगाई गई जीएसटी के कारण आम लोगों की आय एवं बचत घटी है।

घर चलाने और आवश्यकताओं की पूर्ति करने के लिए 77 प्रतिशत तक के ऋण लेने पड़े हैं, लेकिन केंद्र की मोदी सरकार को कोई वास्ता नहीं। उन्होंने कहा, मोदी सरकार की गलत आर्थिक नीतियों के कारण देश की अर्थव्यवस्था लगातार गर्त में जा रही है। थोक और खुदरा महंगाई दर आरबीआई द्वारा तय सीमा से लगातार ऊपर है, लेकिन मोदी सरकार का फोकस केवल चंद पूंजीपतियों के मुनाफे पर केंद्रित है।

## निधन

### राखी अमरानी



रायपुर। वर्धमान स्काय लाइन न्यू राजेंद्र नगर निवासी कु. राखी अमरानी का निधन हो गया। उनकी अंतिम यात्रा 7 जुलाई को दोपहर 12.30 बजे उनके निवास स्थान से राजेंद्र नगर मुक्तिधाम के लिए निकलेगी। वे राकेश अमरानी, सुनील, विवेक, अंकित, ऋतिक अमरानी की बहन थीं।

### परमानंद बड़गैया



रायपुर। कुशालपुर सुंदरनगर निवासी सेवानिवृत्त शिक्षक परमानंद बड़गैया का 6 जुलाई को निधन हो गया। उनका अंतिम संस्कार 7 जुलाई को सुबह 10 बजे महादेवघाट श्मशानघाट में किया जाएगा। वे विनीता के पिता, प्रसन्न एवं प्रशांत बड़गैया के पिता थे।

### कुमारी देवी मिश्रा



रायपुर। सिविल लाइंस निवासी कुमारी देवी मिश्रा (93) का 6 जुलाई को निधन हो गया। उनकी अंतिम यात्रा 7 जुलाई को दोपहर 1 बजे उनके निवास स्थान से महादेवघाट श्मशानघाट के लिए निकलेगी। वे स्व. रमेश मिश्रा, स्व. सतीश मिश्रा और पूर्व मंत्री विधान मिश्रा की माता थीं।

### घेवरचंद गोलछा



रायपुर। समता परिसर अमलीडीह निवासी घेवरचंद गोलछा (91) का 6 जुलाई को निधन हो गया। उनका अंतिम संस्कार मारवाड़ी श्मशानघाट में किया गया। वे प्रेमराज, रेखचंद, मांगीलाल, पारसमल, प्रकाशचंद गोलछा के बड़े भाई और महेंद्रचंद के पिता थे।

# शराब दुकानों में लगे कई कैमरे खराब, मेंटेनेंस के लिए अप्रैल में होना था टेंडर

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

अलग खबर

रायपुर जिले की शासकीय शराब दुकानों में लगे कैमरों का मेंटनेंस नहीं हो पा रहा है। इसके कारण कई शराब दुकानों में खराब पड़े कैमरों को सुधारा नहीं जा रहा है। आबकारी विभाग ने कैमरों का मेंटनेंस करने में इस साल 3 महीने विलंब कर दिया है, जिसके कारण पिछले तीन माह से कैमरों की मेंटनेंस प्रक्रिया भी अटकी हुई है। हालांकि विभाग ने चालू माह में कैमरों का मेंटनेंस करने के लिए ऑफलाइन टेंडर जारी किया था, लेकिन निर्धारित से कम एजेंसियों के भाग लेने के कारण टेंडर निरस्त हो गया। अब इसके लिए रीटेंडर किया जाएगा।

## 3 महीने लेट वह भी निरस्त, अब री-टेंडर

### पुरानी एजेंसी को फायदा पहुंचाने 3 माह विलंब से टेंडर

विभाग ने जिस एजेंसी को पहले मेंटनेंस का ठेका दिया था, उस एजेंसी का अनुबंध मार्च 2024 तक था। अनुबंध की समय-सीमा खत्म होने के बाद भी विभाग ने टेंडर निकाला नहीं। इस कारण पुरानी एजेंसी का कार्यकाल 3 माह के लिए बढ़ा दिया गया। हालांकि विभागीय अधिकारियों का कहना है कि मार्च-अप्रैल में लोकसभा चुनाव के कारण आचार संहिता लगी हुई थी। इसके कारण टेंडर निकाला नहीं जा सका।



### रीटेंडर करेंगे

सीसीटीवी कैमरों का ऑफलाइन टेंडर निकाला गया था। इसमें 4 एजेंसियों ने ही आवेदन भरा था, जिनमें दो रिजेक्ट होने के कारण टेंडर निरस्त करना पड़ा। अब रीटेंडर करेंगे।

*- अल्ताफ खान, एडीईओ आबकारी विभाग रायपुर*

### 4 आवेदन में दो रिजेक्ट इसलिए टेंडर भी निरस्त

कैमरों का मेंटनेंस करने के लिए विभाग ने जून के अंतिम दिनों में टेंडर निकाला था। इसके लिए ऑफलाइन आवेदन मंगाए गए थे। विभाग के पास निर्धारित समय सीमा के भीतर सिर्फ 4 आवेदन आए थे। 3 जुलाई को जब टेंडर खोलकर आवेदनों की जांच की गई, तो 2 अपात्र पाए गए, जिसके कारण उनके आवेदन निरस्त कर दिए गए। गाइड लाइन के अनुसार किसी भी टेंडर में कम से कम 3 आवेदन होने चाहिए, लेकिन निरस्त होने के कारण टेंडर में सिर्फ 2 एजेंसी बची थी। इसके कारण टेंडर को निरस्त कर दिया गया। अब इसके लिए रीटेंडर निकाला जाएगा।

## आम जनता परेशान, भवन निर्माण, तोड़फोड़ की सामग्री सड़क पर

# खुले स्थान पर फेंक रहे मलबा, ना जुर्माना न ही निगरानी सिस्टम काम कर रहा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

हरिभूमि सरोकार

वार्डों में मलबा एकत्रित करने नगर निगम द्वारा बनाये गये कलेक्शन सेंटर की निगरानी नहीं होने से शहर में निर्माण और तोड़फोड़ के दौरान निकलने वाला मलबा सड़क पर खुले में फेंका जा रहा है। इससे आम जनता को जहां आवागमन में परेशानी उठानी पड़ रही है, वहीं बारिश में बेतरतीब बिखराये गये मलबा से दुघर्टना का अंदेशा बना हुआ है। यही नहीं, धूल और वायु प्रदूषण का खतरा बढ़ा है, जबकि नगर निगम आयुक्त ने अलग-अलग वार्डों में बनाये गये मलबा कलेक्शन सेंटर की जिम्मेदारी नगर निवेश विभाग के इंजीनियरों को दी है। निर्देश यह है कि खुले में मलबा फेंकने वालों पर जुर्माना लगाया जायेगा।

दरअसल, शहर में निर्माण और तोड़फोड़ के दौरान उत्पन्न होने वाले मलबा को सड़क पर एकत्रित कर एक निश्चित स्थान पर संग्रहण करने नगर निगम प्रशासन ने वार्डवार मलबा कलेक्शन सेंटर बनाये। मकसद ये रहा कि खुले में मलबा फेंकने की प्रवृत्ति पर रोक लगे और मलबा कलेक्शन सेंटर में एकत्र निर्माण व विध्वंश अपशिष्ट को हीरापुर के प्रसंस्करण यूनिट में परिवहन कर फिर से उपयोग लायक बनाया जाये।



### रीव्यू करेंगे

शहर में हर जोन में जगह चिन्हित कर वार्डवार मलबा कलेक्शन सेंटर बनाये गये हैं, उसकी निगरानी सही तरीके से हो, इसके लिए रीव्यू करेंगे। एकत्र किये जाने वाले मलबा को सीएंडडी वेस्ट सेंटर में पहुंचाकर इससे सह उत्पाद बनाया जाता है।

*- विनोद पांडे, अपर आयुक्त, नगर निगम रायपुर*

### मलबा कलेक्शन के लिए इन जगहों पर बनाये हैं सेंटर

- माधवराव सप्रे वार्ड - लिमाही तालाब के पास साहू समाज भवन के समीप इंद्रप्रस्थ रोड रायपुरा
- भक्त कर्मा माता वार्ड - पीएस सिटी, विनायक सिटी के पास
- कुशाभाऊ ठाकरे वार्ड - दलदल सिवनी इंदिरा स्मृति वन के बाजू में, सड्डू अविवा उद्यान के सामने वाली जगह
- तात्यापारा वार्ड - नेमीचंद गली, अग्रसेन चौक के पास भैंसथान मैदान
- बालगंगाधर तिलक वार्ड - जनता कालोनी पानी टंकी के पास
- मनमोहन सिंह बक्शी वार्ड - जनता कालोनी पानी टंकी के पास
- संतरामदास वार्ड - दिशा कालेज के पास रामनगर मुक्तिधाम कृष्णा नगर
- बाबू जगजीवन राम वार्ड - देवपुरी बस्ती, महात्मा गांधी नगर नाला महावीर नगर अमलीडीह
- कामरेड सुधीर मुखर्जी वार्ड - डूंडा स्कूल के पास
- पंडित विद्याचरण शुक्ल वार्ड - वीआईपी रोड फुंडहर गोठान के पास, राजीव स्मृति वन के पीछे
- मोरेश्वर राव गद्रे वार्ड - संतोषी नगर चौक से तरूण बाजार चौक, त्रिमूर्ति मंदिर के पास, दुर्गा मंदिर के आगे मठपुरैना
- श्यामाप्रसाद मुखर्जी वार्ड -रावतपुरा फेस 1 सामुदायिक भवन रोड शासकीय स्कूल के पास पानी टंकी मठपुरैना
- चंद्रशेखर आजाद वार्ड - चौरसिया कालोनी गोठान के पास
- ठाकुर प्यारेलाल वार्ड - सीएसईबी कालोनी डगनिया पानी टंकी शासकीय स्कूल के पास
- रानी लक्ष्मीबाई वार्ड -अशोका रतन पाम ब्लाजियो के सामने, शंकर नगर अशोका रतन रोड
- यतियतनलाल रोड - भनपुरी रोड बेस्ट प्राइज शापिंग मॉल भनपुरी गोठान

# नकली जेवर को असली समझ कर चोरी करने वाले तीन गिरफ्तार



हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

आरंग थाना क्षेत्र में पांच दिन पूर्व ज्वेलरी शॉप से सोने के नकली जेवर को असली जेवर समझकर चोरी करने के आरोप में पुलिस ने तीन शातिरों को गिरफ्तार किया है। चोरों के कब्जे से पुलिस ने चोरी में इस्तेमाल बाइक सहित 75 हजार रुपए के नकली सोने के जेवर तथा 20 जोड़ी चांदी की पायल जब्त की है।

- **चोरों के कब्जे से पुलिस ने बाइक सहित 75 हजार रुपए के चोरी के जेवर जब्त किए**

पुलिस के मुताबिक चोरी के आरोप में बलौदाबाजार, पलारी निवासी सूर्या अनंत उर्फ नंकू, आरंग निवासी रवि कोशले उर्फ वीरू तथा पंडरी निवासी प्रीतम डहरिया उर्फ पपली को गिरफ्तार किया गया है। पुलिस के अनुसार तीनों शातिरों ने एक जुलाई को आरंग कालेज गेट स्थित हेमंत ज्वेलर्स में चोरी की थी। तीनों बदमाश एक बाइक में सवार होकर चोरी की घटना को अंजाम देने के लिए पहुंचे थे।

### कैमरा से बचने बाइक दूर खड़ी की

पुलिस ने तीनों शातिरों को उनकी बाइक नंबर के आधार पर ट्रेस किया है। बदमाश घटना दिनांक को चोरी करने गए, तब सीसीटीवी कैमरा से बचने बाइक को घटनास्थल से सौ मीटर दूर एक अन्य दुकान के पास पार्क किया था। चोरी की घटना को सुलझाने जुटी पुलिस को सीसीटीवी कैमरा में बाइक दिखी। इसके बाद पुलिस ने बाइक नंबर देख जानकारी हासिल की। इसके बाद पुलिस ने बाइक नंबर के आधार पर बदमाशों के बारे में पतासाजी कर सूर्या को हिरासत में लिया और पूछताछ की, तो उसने अपने दो अन्य साथियों के साथ मिलकर चोरी करने का अपराध कबूल किया।

## विभिन्न प्रजातियों के 121 पौधे रोपे



रायपुर। प्रगति ग्रीन संस्था एवं एफसीआई की ओर से शनिवार को फूड कॉर्पोरेशन ऑफ इंडिया के जिला एवं क्षेत्रीय कार्यालय में कुल 121 नग पीपल, बरगद, नीम, आम एवं आंवला सहित विभिन्न प्रजाति के पौधे लगाए गए। संस्था के अध्यक्ष गजेंद्र सिंह ठाकुर ने बताया कि इस अवसर पर मुख्य रूप से जोन क्रमांक 3 के अध्यक्ष व पार्षद प्रमोद साहू तथा एफसीआई के डीजीएम लोकेश ब्रह्मभट्ट एवं एजीएम अंशु कुमार, नूपुर आनंद, सतीश कुमार, आरवीपी बाबू, महेश मार्तोलिया, हरेंद्र कौशल, बिशाली चंद्राकर इत्यादि उपस्थित थे।

पत्र क्र. 12180/ न.पा.नि./ जोन क्र.-10/ 2024, रायपुर, दिनांक 02.07.2024

**ईश्तहार**

नामांतरण प्र.क्र. 12180 वार्ड का नाम- 53 बाबू जगजीवनराम वार्ड

एतद द्वारा सूचित किया जाता है कि वार्ड 53 स्थित भवन /भूमि जिसका प्रॉपर्टी आई. डी. **RPR446J01325** जो की निगम अभिलेख श्री श्रीमती **ABHISHEK JAISINGHANI** पिता/पति श्री/श्रीमती **ANIL JAISINGHANI** के नाम से दर्ज हैं जिसको श्री/श्रीमती **TRUPTIMAYEE SIA** पिता/पति श्री/श्रीमती **AMARESH SIA** ने मृत्यु प्रमाण पत्र सह पत्र शपथ पत्र दान पत्र, हिब्बानामा, रजिस्ट्री विलेख के अनुसार/ **पंजीकृत विक्रय विलेख** /वंशानुक्रम/ अन्य अभिलेख द्वारा प्राप्त नगर पालिक निगम अधिनियम 1956 की धारा 167 के तहत द्वारा आवेदन किया है। यदि कोई व्यक्ति/ संस्था उपरोक्त स्वामित्व परिवर्तन में हक या दावा रखते है, प्रकाशन के 30 दिन के भीतर प्रकरण क्रमांक सहित लिखित में अपना दावा प्रस्तुत करे। निर्धारित समयावधि पश्चात प्राप्त दावा /आपति पर किसी प्रकार की सुनवाई नहीं की जाएगी। जिसके लिए यह कार्यालय जिम्मेदार नहीं होगा।

सूचना जारी करे।
**श्री दिनेश कोसरिया**
**(जोन कमिश्नर) जोन क्र. 10**
**नगर पालिक निगम रायपुर (छ.ग.)**

## गुमशुदा सूचना



दिनांक 18/06/2024 को 8:45 बजे सुबह रायपुरा चौक वसुंधरा नगर चंगोराभाठा रायपुर से दिपिका पटवा पिता स्व. कृष्ण कुमार पटवा उम्र 24 वर्ष घर से बिना बताये कहीं चली गयी है। हुलिया- ऊंचाई 5 फीट, रंग- सांवली, सामान्य ब्लू कलर की टी-शर्ट पेंट पहनी है। हिन्दी-छत्तीसगढ़ी जानती है। जिस किसी सज्जन को मिले या दिखें निम्न नंबरों पर संपर्क करें। पता बताने वाले को उचित इनाम दिया जायेगा।

संपर्क करें **हिमांश पटवा**
**मो. 70000-83831, 91651-83186**

**कार्यालय राजस्व निरीक्षक मण्डल रायपुर-7 मोवा तहसील व जिला रायपुर**
**सीमांकन के संबंध में आम सूचना**
**जारी दिनांक 04/07/2024**

एतद् द्वारा सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदक प्रदीप कुमार अग्रवाल पिता रामावतार अग्रवाल निवासी जवाहर नगर रायपुर द्वारा आवेदित भूमि ग्राम मोवा प.ह.नं.45 नंबर. रा.नि.म. रायपुर-7 मोवा तहसील व जिला रायपुर स्थित भूमि जिसका खसरा नंबर 249/4 रकबा 0.0320 हे. भूमि का सीमांकन न्यायालय तहसीलदार रायपुर के आदेश के परिपालन में दिनांक 15/07/24 को समय 2.00 बजे पश्चात मेरे द्वारा रखा गया है।

उक्त सीमांकन के संबंध में जिस किसी व्यक्ति या संस्था को किसी भी प्रकार की दावा/आपत्ति हो तो उल्लेखित तिथी को पटवारी कार्यालय में मय दस्तावेज नियत समय तक प्रस्तुत कर सकते हैं। नियत तिथी पश्चात किसी भी प्रकार की दावा/आपत्ति पर विचार नहीं किया जावेगा।

**राजस्व निरीक्षक**
**रायपुर-07 (मोवा)**

**आमसूचना**

**(ग्राम टेमरी प.ह.नं. 78 रा.नि.म. रायपुर 18 कांदुल तहसील रायपुर जिला रायपुर छ.ग में स्थित भूमि जिसका खसरा नंबर 259/53 रकबा 0.130 हे. (भूमिस्वामी गौतम पिता गोविंदराम छापडिया) खसरा नंबर 259/52 रकबा 0.130 हे. (भूमिस्वामी कैलाश पिता परसराम छापड़िया) भूमि के संबंध में)**

एतद् द्वारा सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मेरे पक्षकार ने भूमिस्वामी श्री गौतम पिता गोविंदराम छापड़िया व श्री कैलाश पिता परसराम छापड़िया दोनों निवासी बरगढ़ उड़िसा के हक, हित, स्वामित्व व आधिपत्य की भूमि जो कि ग्राम टेमरी प०ह०नं० 78 रा०नि०म० रायपुर 18 कांदुल तहसील रायपुर जिला रायपुर छ.ग में स्थित भूमि जिसका खसरा नंबर 259/53 रकबा 0.130 हे. (भूमिस्वामी गौतम पिता गोविंदराम छापड़िया) खसरा नंबर 259/52 रकबा 0.130 हे. (भूमिस्वामी कैलाश पिता परसराम छापड़िया) भूमि है को क्रय करने का पक्का सौदा तय कर लिया गया है। मात्र बैनामा पंजीयन की कार्यवाही शेष है।

अतः उपरोक्त भूमि के संबंध में जिस किसी भी व्यक्ति, निगम, वित्तीय संस्था, अर्द्धशासकीय शासकीय संस्था को उपरोक्त भूमि/संपत्ति के स्वत्व एवं आधिपत्य के संबंध में कोई भी उजर दावा या आपत्ति हो तो मेरे कार्यालय में मय दस्तावेज सहित आपत्ति 07 दिनों के भीतर प्रस्तुत करें। बाद म्याद की गई कोई भी आपत्ति मेरे पक्षकार के उपर बंधनकारी नहीं होगा एवं अवैध व शुन्य माना जावेगा। तथा मेरा पक्षकार उक्त भूमि के विक्रय प्रतिफल की संपूर्ण राशि अदा कर अपने पक्ष में बैनामा पंजीयन की कार्यवाही कराने के लिए स्वतंत्र रहेगा।

**सो सूचना जाने।**

**रायपुर छ.ग.**
**दिनांक 06.07.2024**
**आशीष तिवारी (अधिवक्ता)**
**पता साहू किराना स्टोर्स के सामने रावतपुरा कॉलोनी फेस-1 मठपुरैना रायपुर छ.ग.**
**मो.नं. 98279-81229, 83195-82060**

# स्कूल, कॉलेज, अस्पताल, शॉपिंग मॉल, बाजारों की स्टार रैंकिंग की तैयारी में जुटा नगर निगम

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर




शहर में अब कालोनियों की स्टार रैंकिंग के बाद स्कूल, कालेज, अस्पताल और हॉटल तथा रेस्टारेंट की स्वच्छता रैंकिंग शुरू कर दी गई है। स्पेशल टीम इन स्थलों का मुआयना कर सिटीजन फीडबैक लेकर रैंकिंग जारी करेगी। निगम आयुक्त अबिनाश मिश्रा के निर्देश पर रैंकिंग परखने इस टीम ने अपना काम शुरू कर दिया है।

- **सिटीजन इनपुट और स्पेशल टीम तय करेगी स्टार रेटिंग**

देशव्यापी केन्द्रीय स्वच्छता सर्वेक्षण में रायपुर शहर को देश के सबसे स्वच्छ टॉप टेन शहर में रैंकिंग दिलाने महापौर एजाज ढेबर और स्वास्थ्य विभाग अध्यक्ष नागभूषण राव के साथ ही नेता प्रतिपक्ष मीनल चौबे स्वच्छता में जनभागादारी बढ़ाने प्रयास में जुट गई हैं। शहरी स्वच्छता गतिविधियों से हर नागरिक को जोड़ने यह गतिविधि की जा रही है। इसके तहत परिसरों में कचरा निपटान प्रबंधन की व्यवस्था, कूड़ेदान, गीला और सूखा कचरा को अलग-अलग कर सफाई मित्र को दिये जाने सहित स्वच्छता संबंधी नवाचार जैसे कई बिंदुओं पर टीम जानकारी लेगी। इस आधार पर उत्कृष्ट परिसरों को फाइव स्टार रैंकिंग का प्रमाणपत्र दिया जायेगा।

नगर निगम के स्वास्थ्य विभाग अध्यक्ष नागभूषण राव का कहना है, जब तक राजधानी के नागरिक स्वच्छता को लेकर अपनी जिम्मेदारी तय नहीं करेंगे, तब तक रायपुर शहर स्वच्छता की देशव्यापी रैंकिंग में अव्वल नहीं आ सकता। इसके लिए नागरिकों का जागरूक होना जरूरी है।

## प्रशिक्षार्थियों ने आसान तरीके से सीखा पिज्जा बनाना

रायपुर। केयर स्किल फाउंडेशन द्वारा बोरियाकला स्थित प्रशिक्षण केंद्र में 7 दिवसीय आयोजित बेसिक बेकरी कक्षा का समापन किया गया। इस कक्षा में 17 लोगों ने प्रशिक्षण लिया। संस्था के पदाधिकारियों ने बताया कि बेसिक बेकरी कक्षा में प्रशिक्षिका रीना साहू ने प्रशिक्षार्थियों को शुरू में पिज्जा बनाना और केक बनाना सिखाया। इसके बाद कुकीज बनाना बताया गया। प्रशिक्षर्थियों में काफी उत्साह का माहौल था।




## शीतलराज महाराज का चातुर्मास प्रवेश आज

रायपुर। जैन धर्म के तपस्वी शीतलराज महाराज का 7 जुलाई को सुबह 9 बजे मानस भवन, पुजारी पार्क पचपेड़ीनाका में चातुर्मासार्थ मंगल प्रवेश होगा। शीतल चातुर्मास समिति की ओर से दीपेश संचेती ने बताया कि कठोर तप साधक गुरुदेव शीतलराज महाराज का चातुर्मास प्रवेशोत्सव प्रातः किरणदेवी प्रशांत संचेती की निवास स्थान शांति रेजीडेंसी से प्रवेश यात्रा प्रारंभ होगा। इस अवसर पर महाराष्ट्र, गुजरात, छत्तीसगढ़, अंचल के हजारों गुरुभक्त उपस्थित रहेंगे।



# मोवा में नगर निगम की पहली गारमेंट फैक्ट्री, संचालन के लिए जल्द होगा टेंडर

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

मोवा क्षेत्र में बीएसएनएल आफिस के पास 45 हजार वर्गफीट जगह पर निर्मित नगर निगम की पहली गारमेंट फैक्ट्री संचालन के लिए एजेंसी तय करने जल्द टेंडर होगा। इसकी प्रक्रिया इन दिनों चल रही है। चयनित एजेंसी 1 हजार सिलाई मशीन की खरीदी सहित अन्य संसाधन खुद के खर्च पर जुटाएगी। नगर निगम ने पहले चरण में 4 करोड़ खर्च कर इसका इंफास्ट्रक्चर खड़ा करने का काम पहले ही पूरा कर लिया है।

- **चयनित एजेंसी खरीदेगी एक हजार सिलाई मशीन**

शहर के मोवा क्षेत्र में नगर निगम द्वारा पीपीपी मोड पर गारमेंट फैक्ट्री शुरू करने की तैयारी है। फैक्ट्री संचालन के लिए एजेंसी तैयार करने योजना शाखा जल्द ऑनलाइन टेंडर करेगी। महिलाओं को हुनरमंद बनाने चयनित एजेंसी आसपास की महिलाओं का चयन कर उन्हें सिलाई का निःशुल्क प्रशिक्षण के साथ फैक्ट्री में रोजगार उपलब्ध करायेगी। गारमेंट फैक्ट्री में महिलाएं जींस, ट्राउजर सहित ऐसे ही अन्य तरह के लेटेस्ट गारमेंट बनाना सीखेंगी। उनके द्वारा तैयार उत्पाद का मार्केट गारमेंट फैक्ट्री का संचालन करने वाली एजेंसी उपलब्ध करायेगी।



फाइल फोटो

### जल्द होगा टेंडर

गारमेंट फैक्ट्री संचालन के लिए एजेंसी तय करने ऑनलाइन टेंडर करने प्रक्रिया चल रही है, जल्द इसके लिए टेंडर होगा।

*- विनोद पांडेय, अपर आयुक्त नगर निगम रायपुर*

### सिलाई मशीन खरीदने स्वीकृति नहीं

15 करोड़ रुपये के गारमेंट फैक्ट्री वाले प्रोजेक्ट में नगर निगम को 1 हजार सिलाई मशीन खरीदने 9 करोड़ की स्वीकृति शासन से मिलनी थी। इस राशि से नगर निगम सिलाई मशीन खरीदकर चयनित एजेंसी को उपलब्ध कराता, पर शासन स्तर स्वीकृति नहीं मिलने से चयनित एजेंसी ही सिलाई मशीन की खरीदी कर प्रोजेक्ट को रन करेगी। नगर निगम को अनुबंधित एजेंसी केवल संबंधित जगह का किराया देगी।

### इंफास्ट्रक्चर खड़ा करने नगर निगम ने किये 4 करोड़ खर्च

गारमेंट फैक्ट्री स्थापित करने रायपुर नगर निगम ने इसके लिए प्रथम चरण में 4 करोड़ रुपये का टेंडर शेड निर्माण, बाउंड्रीवाल, साइड रोड का निर्माण, गंदे पानी के निकास के लिए ड्रेनेज सिस्टम, परिसर में पानी की व्यवस्था और कर्मचारियों के लिए शौचालय का निर्माण कराया है। इसके साथ ही आउटर के डेवलपमेंट का काम शामिल है।

### दंतेवाड़ा में डेनेक्स नाम से कपड़ों का ब्रांड

दंतेवाड़ा जिला प्रशासन ने वहां की महिलाओं के सहयोग से डेनेक्स नाम से कपड़ों का एक ब्रांड स्थापित किया है। यह अपनी तरह का एक अनूठा प्रयोग है। इसी थीम पर राजधानी रायपुर में नगर निगम द्वारा प्रथम चरण 1 हजार महिलाओं को स्वावलंबी बनाने गारमेंट फैक्टी पीपीपी मोड पर संचालन करने की योजना है।

रायपुर बाजार
Contact For Advertisement
6263818152,
7987119756

ITR फाईल बनवाएं मात्र 499/-
• TDS रिफंड • GST रजिस्ट्रेशन • इनकम TAX फाइल
• प्रोजेक्ट रिपोर्ट • MSME रजिस्ट्रेशन • GST रिटर्न फाइल
• CMA DATE • फूड लाइसेंस • BALANCE SHEET
हमारे TAX EXPERT आपकी मदद हेतु तैयार हैं
संपर्क : शेखर गुप्ता, मो. 93007-55544, 8878655544 D-6 सेक्टर-2, गुरुद्वारा के सामने देवेन्द्र नगर रायपुर

आपके विज्ञापन के लिये जगह उपलब्ध है।
संपर्क करें
मो. 6263818152, 7987119756



## सोशल लाइव

# माता-पिता को याद करते हुए गाए सदाबहार नगमे



**रायपुर।** मां आनांदिनी फाउंडेशन द्वारा 'झन भुलव मां-बाप ला' थीम पर संगीत संध्या का आयोजन किया गया। वृंदावन हॉल में यह आयोजन हुआ, जहां पुराने सदाबहार गीतों की प्रस्तुति दी गई। समारोह का शुभारंभ ज्योति वर्मा की टीम द्वारा झन भूलव मां-बाप ला... छइहां भुइयां छोड़ के तै जाबे कहां... जैसे छत्तीसगढ़ी गीतों के साथ हुई। सत्यम शिवम्-सुंदरम.., ये तो सच है कि भगवान है... जैसे भावुक कर देने वाले गीतों की भी प्रस्तुति दी गई। जहां दर्शकों की आंखें प्रस्तुति के दौरान नम होती नजर आईं।

### दिल और दिमाग को सुकून देने वाली औषधि

कार्यक्रम सचिव ऐश्वर्या मिश्रा ने कहा, व्यक्ति के जीवन में संगीत दिल और दिमाग को सुकून देने वाली औषधि का काम करती है। सुबह से शाम तक, सुख-दुख के कई अवसरों पर गीत गाकर हम अपनी रुचि को दर्शाते हैं। जिससे दिनभर के काम-काज के थकान को दूर कर किया जाता है। दीपक शर्मा, श्याम शर्मा, विभांशी तिवारी, साक्षी बजाज, श्रिया चक्रवती, रूखमणी रामटेके, अनामिका पांडे,ललित सिन्हा, सागरिका सिन्हा सहित अन्य द्वारा फिल्मी सुपरहिट गानों पर प्रस्तुति दी गई। आयोजन का संचालन अध्यक्ष डॉ वंदना ठाकुर, संदीप शर्मा, श्वेता चौरे के द्वारा किया गया।

## समाज लाइव

# संवेदनशीलता और जिम्मेदारी के लिए जरूरी है वृक्षारोपण



**रायपुर।** केंद्रीय विद्यालय क्रमांक-2 में 'एक पेड़ मां के नाम' अभियान के अंतर्गत वृक्षारोपण किया गया। जहां विद्यालय के शिक्षकगण के साथ विद्यार्थियों ने हिस्सा लिया। मुख्य अतिथि वन मंत्री केदार कश्यप ने कहा, वृक्ष हमारे जीवन का अभिन्न अंग है। वे हमें ऑक्सीजन प्रदान करते हैं, इससे जलवायु में संतुलन और जैव विविधता को संरक्षित करने में मदद मिलती है। इस अवसर पर सांसद बृजमोहन अग्रवाल, विधायक राजेश मूणत, पूर्व सांसद सुनील सोनी, लक्ष्मी वर्मा, किशोर महानंद भी उपस्थित रहे।

### बच्चों ने भी रोपे पेड़

वृक्षारोपण का कार्य विद्यालय परिसर स्थित मैदान में किया गया, जहां बच्चों भी बड़ी संख्या में शामिल हुए। कार्यक्रम के दौरान विद्यार्थियों को वृक्षारोपण के लाभ की जानकारी दी गई, साथ ही आने वाले भविष्य में वृक्षारोपण करने के लिए प्रेरित किया गया। विद्यालय प्राचार्य सुजीत सक्सेना ने कहा, अभियान का मुख्य उद्देश्य उद्देश्य न केवल पर्यावरण को संरक्षित करना, बल्कि छात्रों में वृक्षारोपण और संरक्षण के प्रति जागरूकता बढ़ाना भी है। यह कार्यक्रम न केवल पर्यावरण संरक्षण की दिशा में एक कदम स्वरुप है। बल्कि समाज में जागरूकता फैलाने का भी एक प्रभावी माध्यम है। इस तरह की पहल से पर्यावरण संरक्षण के प्रति लोगों में संवेदनशीलता और जिम्मेदारी की भावना विकसित होती है।

## आराधना

# जिस दिन आध्यात्म की राह पर चलोगे उस दिन सही-गलत का अर्थ समझ आएगा

**रायपुर।** जैन संत श्री विरागमुनि के प्रवचन का शनिवार को विवेकानंद नगर में बड़ी संख्या में श्रावक-श्राविकाओं ने प्रवचन का लाभ लिया। उन्होंने कहा कि जिस दिन आप अध्यात्म की ओर चलने लगोगे, उसे दिन आपको सही गलत का भान होने लगेगा। जबकि वर्तमान समय में आज मोक्ष को प्राप्त करने की इच्छा किसी में नहीं बची है। लोगों को दुनिया में नाम कमाना है और इस भेड़चाल में सब तेजी से आगे बढ़ना चाहते हैं। हम परिस्थितियों को अपने अनुकूल बनाने की सोचते हैं और जब हम इसे अनुकूल बना लेते हैं तो हम कुछ भी कर सकते हैं। ऐसा बाहरी दुनिया में लोग अपने ऐश्वर्य के लिए करते हैं, वैसे ही हमें धर्म के प्रति अनुकूल माहौल बनाना होगा। मुनिश्री कहते है कि संसार में तीन प्रकार के रोग हैं, पहला शरीर का रोग, दूसरा मन का रोग और तीसरा आत्मा का रोग। बात करते हैं शरीर के रोगों की, तो कभी बुखार आ जाए, सर्दी खांसी हो जाए तो हम दवा ले लेते हैं और वह ठीक हो जाती है। दूसरा होता है मन का रोग, अगर यह मन का रोग आपको लग गया तो इसका इलाज बाहर की दुनिया में आपको कहीं नहीं मिलेगा।

### धर्मस्थल आने से काम नहीं चलेगा

दूसरों की जेब देखकर अगर आपकी टेंशन बढ़ती है तो इसका इलाज किसी मनोवैज्ञानिक के पास नहीं मिलेगा। जबकि जगत में कोई सुख दुख जैसी चीज है ही नहीं, यह सब मन का वहम है। 50 डिग्री टेंपरेचर में कोई बल्लेबाज अगर रिकॉर्ड तोड़ने के बहुत करीब पहुंच जाता है तो वह बहुत ही आनंदित



महसूस करता है, उसे 50 डिग्री टेंपरेचर में भी गर्मी का एहसास नहीं होता। जबकि कोई स्वार्थी बल्लेबाज भारी गर्मी में खेलना चाहे तो वह जैसे-जैसे अपना दायित्व पूरा करके वापस पवेलियन लौटना चाहेगा और एक रूम में बैठकर कोल्ड्रिंक पीना पसंद करेगा। हमें जीवन में ऐसा ही परिवर्तन लाना है कि परिस्थिति कैसे भी हो, लेकिन हमें अपने लक्ष्य को प्राप्त करना है, मोक्ष को प्राप्त करना है, केवल धर्मस्थल आने से काम नहीं चलेगा।

---

## गायत्री नगर मंदिर में आज तड़के नेत्र उत्सव, दोपहर 3 बजे रथ से नगर भ्रमण पर निकलेंगे प्रभु जगन्नाथ

# आज गर्भगृह से बाहर निकलेंगे भगवान जगन्नाथ, बलदाऊ-सुभद्रा संग नगर भ्रमण

भगवान जगन्नाथ स्वस्थ होने के बाद रविवार को रथ पर सवार होकर बड़े भाई बलदेव और बहन सुभद्रा के साथ नगर भ्रमण पर निकलेंगे। इसके बाद अपनी मौसी के घर गुंडिचा मंदिर जाकर विश्राम करेंगे। इसके पहले शनिवार को टूरी हटरी और सदर बाजार स्थित जगन्नाथ मंदिर में शाम 7 बजे भगवान के स्वस्थ होने पर मंदिरों में नेत्र उत्सव मनाया गया। जबकि गायत्री मंदिर में नेत्र उत्सव रविवार सुबह 4 बजे मनाया जाएगा। शनिवार को सदर बाजार और टूरी हटरी स्थित जगन्नाथ मंदिर में भगवान के दर्शन करने बड़ी संख्या में भक्तगण पहुंचे हुए थे।





### पुरानी बस्ती में दिनभर खुले रहेंगे मंदिर के पट

पुरानी बस्ती स्थित टूरी हटरी प्राचीन जगन्नाथ मंदिर में सुबह 5 बजे भक्त दर्शन कर पाएंगे। दिनभर में विशेष अनुष्ठान होंगे, जिसमें 5 बजे के बाद भजन-पाठ शुरू होगा। तत्पश्चात रात्रि 9 बजे से हवन पूजन शुरू होगा। इसके बाद आरती होगी, फिर भक्तों को भंडारा में प्रसाद दिया जाएगा। दोपहर 2: 30 तक अनुष्ठान होंगे। इसके बाद भगवान रथ में सवार होकर भ्रमण पर निकलेंगे।



शहर के जगन्नाथ मंदिर में रहेगी रौनक, चारों दिशाओं में निकलेगी रथयात्रा

### नए मार्ग से गुजरेगा भगवान का रथ

टूरी हटरी जगन्नाथ मंदिर प्रबंधन ने इस बार नया मार्ग तैयार किया है। पहले कंकाली पारा चौक से तात्यापारा चौक होकर रथ यात्रा आमापारा चौक होते हुए लाखे नगर चौक पहुंचती थी। यह रूट 2.5 किमी लंबा था। नए रूट की लंबाई 6 किमी है, जो टूरी-हटरी, लोहार चौक, पुरानी बस्ती थाना, कंकाली तालाब रोड, सत्ती बाजार, सदर बाजार, कोतवाली चौक, मालवीय रोड, जयस्तंभ चौक, जीई रोड, शारदा चौक, फूल चौक, तात्यापारा चौक, आजाद चौक, आमापारा चौक, लाखे नगर चौक से टिल्लू चौक तक रहेगा।

**रायपुर।** आज पुरानी बस्ती स्थित 500 साल पुराने जगन्नाथ मंदिर के साथ ही गायत्री नगर स्थित जगन्नाथ मंदिर से निकलने वाली रथयात्रा प्रमुख आकर्षण का केंद्र रहेगी। प्रतिवर्ष यहां बड़ी संख्या में श्रद्धालु भगवान का रथ खींचने मंदिर पहुंचते हैं। गायत्री नगर स्थित मंदिर के संस्थापक पुरंदर मिश्रा ने बताया, रथयात्रा के लिए राज्यपाल और मुख्यमंत्री को आमंत्रित किया गया है। प्रदेश के मुखिया रथ के आगे सोने से निर्मित झाड़ू से बुहारने की रस्म छेरा पहरा निभाकर रथ यात्रा को रवाना करेंगे।



भगवान 10 दिनों तक मौसी के घर विश्राम करने के बाद देवशयनी एकादशी पर वापस मूल मंदिर में लौटेंगे। शहर के जगन्नाथ मंदिरों में 7 जुलाई को निकाली जाने वाले रथयात्रा की तैयारी शनिवार को दिनभर चलती रही। आज गायत्री नगर, सदर बाजार, टूरी हटरी पुरानी बस्ती के मंदिर से रथयात्रा लिली चौक, आमापारा, अश्विनी नगर, पुराना मंत्रालय परिसर, आकाशवाणी कॉलोनी, गुढ़ियारी, कोटा मार्ग होते हुए निकाली जाएगी। भगवान जगन्नाथ अपने बड़े भैया बलदेव और बहन सुभद्रा के साथ गर्भगृह से बाहर निकलेंगे।

### यहां भी दिखेगा उत्साह

रथयात्रा का उत्साह कोटा स्थित श्रीराम दरबार परिसर, अश्विनी नगर, गुढ़ियारी, आकाशवाणी कॉलोनी, पुराना मंत्रालय, लिली चौक और आमापारा नगर निगम कॉलोनी में नजर आएगा। इस दौरान भगवान का रथ खींचने और गजा-मूंग का प्रसाद लेने श्रद्धालुओं की भारी भीड़ उमड़ पड़ती है।

### पुरी की तर्ज पर निकलेगी रथयात्रा

गायत्री नगर स्थित जगन्नाथ मंदिर में रविवार सुबह 4 बजे पुरोहितों की उपस्थिति में नेत्र उत्सव होगा। सुबह 9 बजे भगवान का अभिषेक करने के बाद आरती होगी, जिसके बाद छेरा पहरा रस्म निभाई जाएगी। मंदिर में अनुष्ठान 2 दोपहर तक जारी रहेगा। इसके बाद दोपहर 3 बजे भगवान जगन्नाथ बड़े भैया बलदेव और बहन सुभद्रा के साथ नगर भ्रमण पर निकलेंगे। यात्रा शंकर नगर, बीटीआई मैदान होते हुए वापस मंदिर पहुंचेगी। मंदिर के नीचे स्थित गुंडिचा मंदिर में भगवान नौ दिन विश्राम करेंगे। रथयात्रा उत्सव के दौरान मनमोहक श्रृंगार करने पुरी से ही पोशाक और आभूषण प्रतिवर्ष मंगाए जाते हैं। पुरी मंदिर में जिस तरह भगवान का श्रृंगार, पूजन होता है, उसी परंपरा का पालन गायत्री नगर के मंदिर में किया जाता है।



### ब्रह्म मुहूर्त में होगी पूजा

सदर बाजार स्थित जगन्नाथ मंदिर में पुजारी परिवार के नेतृत्व में पूजन के बाद गाजे-बाजे के साथ यात्रा निकाली जाएगी। यहां ब्रह्म मुहूर्त में अनुष्ठान शुरू हो जाएंगे। पुजारी के मुताबिक शनिवार को 7 शाम बजे नेत्र उत्सव मनाने के बाद भगवान ने भक्तों को दर्शन दिए। आज सुबह 9 से 10 के बीच हवन होगा। 12 बजे आरती होगी फिर दोपहर 3 बजे यात्रा निकलेगी। यात्रा कोतवाली चौक, कालीबाड़ी होते हुए टिकरापारा पुजारी पार्क के समीप गुंडिचा मंदिर में समाप्त होगी।



---

# फेस्टिवल सीजन... डिजाइनर्स ने पेश किए कलेक्शन ट्रेंड में रहेंगे पारंपरिक आकृतियों से प्रेरित वस्त्र-आभूषण

**रायपुर।** मानसून के साथ ही त्योहारों का सिलसिला शुरू हो जाता है। इसे देखते हुए शहर में लाइफ स्टाइल एग्जीबिशन का दौर शुरू हो गया है। शहर स्थित द ट्राइटन बाय श्यामा होटल्स में सूत्रा द्वारा तीन दिवसीय प्रदर्शनी का आयोजन किया जा रहा है। 7 जुलाई को इसका अंतिम दिन है। इस प्रदर्शनी में राखी एवं तीज स्पेशल वस्तुएं शामिल हैं। फैशन प्रेमियों के लिए यहां कई डिजाइनर ड्रेस, ज्वेलरी, पर्स जैसी कई वस्तुएं मौजूद हैं। प्रदर्शनी में कई डिजानर्स के डिजाइन देखने को मिलेंगे। देशभर के डिजाइनर्स यहां पहुंचे हुए हैं। उनके द्वारा विशेष रूप से त्योहारों के लिए तैयार वस्तुओं की प्रदर्शनी लगाई गई है।





### भा रहा फ्यूजन

सूत्रा में आई ज्वेलरी और कपड़ों में कई तरह के प्रयोग भी किए गए हैं। डिजाइनर्स ने कई ऐसे कलेक्शन पेश किए हैं, जिसमें भारतीय और पश्चिमी संस्कृति की झलक एक साथ दिख रही है। इसे महिलाओं खासकर संग गर्ल्स का अच्छा रिस्पॉन्स मिल रहा है। पारंपरिक आकृतियों से प्रेरित होकर नई तरह की ज्वेलरी डिजाइन की गई है।

### राजस्थानी ज्वेलरी संग वेस्टर्न गाउन

इसमें राजस्थानी ज्वेलरी व वेस्टर्न गाउन लोगों के आकर्षण का केंद्र बना हुआ है। प्रदर्शनी में महिलाओं का मनपसंद वस्तुओं को शामिल किया गया है। देश के कई स्थानों से व्यापारियों ने बताया, आगामी फेस्टिवल सीजन को देखते हुए कलेक्शन पेश किया गया है। इस सीजन जो रंग ट्रेंड में रहने वाले हैं, उसके आधार पर ही ड्रेस तैयार किए गए हैं। यहां साड़ियों की भी कई दुकान लगाई गई हैं। हैंडमेड वस्तुओं की डिमांड सबसे अधिक है।

# पर्यावरण बचाने विद्यार्थियों ने स्वयं तैयार किया जनगीत

**रायपुर।** जन सामान्य को जागरूक करने पर्यावरण ऊर्जा टाइम्स, रायपुर प्रेस क्लब और रोटरी क्लब रायपुर के संयुक्त तत्वावधान में 11 जुलाई को विश्व जनसंख्या दिवस के अवसर पर देश एवं प्रदेश के विशिष्ट वक्ताओं की उपस्थिति में एक जन संगोष्ठी का आयोजन महाराजा अग्रसेन कालेज आडिटोरियम, समता कॉलोनी में किया जा रहा है। संगोष्ठी में प्रमुख रूप से नेशनल इंस्टिट्यूट ऑफ टेक्नोलॉजी जमशेदपुर के प्रोफेसर रणजीत प्रसाद, डॉ.अनिल कुमार एवं राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के प्रचारक डॉ.महेश चंद्र शर्मा का भी वक्तव्य होगा। जनसंख्या एवं पर्यावरण पर स्कूल के विद्यार्थियों द्वारा तैयार दो जनगीतों का लोकार्पण भी किया जाएगा।

### 2 हजार से अधिक हो रहे शामिल

आयोजन के प्रति लोगों को जागरूक करने विद्यालयों एवं महाविद्यालयों के विद्यार्थियों के बीच चित्रकला, निबंध लेखन एवं वाद विवाद प्रतियोगिताएं पिछले एक पखवाड़े से रखी जा रही है। शहर के 30 विद्यालयों एवं 15 महाविद्यालयों के विद्यार्थियों के बीच प्रतियोगिताएं संस्थागत स्तर पर आयोजित हो रहीं हैं। जनसंख्या वृद्धि जैसे गंभीर विषय पर शहर के स्कूल-कालेजों के 2000 से अधिक प्रतिभागी इसमें हिस्सा ले रहे हैं। इन प्रतियोगिताओं के विजेताओं और प्रतिभागियों को 11 जुलाई को पुरस्कृत और सम्मानित किया जाएगा। संगोष्ठी से पूर्व विद्यार्थियों की चुनिंदा सांस्कृतिक प्रस्तुतिया भी होंगी। आयोजक मंडल द्वारा विद्यार्थियों को विद्यालय एवं महाविद्यालय स्तर पर भी पुरस्कार राशियां दी जाएंगी। अंतर्विद्यालयीन तथा अंतर्महाविद्यालयीन स्तर पर पृथक से पुरस्कार राशियां प्रदान की जाएंगी।

---

## पुरखौती मुक्तांगन में बनेगा भारत भवन, इस वर्ष प्रारंभ हो जाएगा निर्माण कार्य

# स्कैन किए गए एक लाख से अधिक प्राचीन दस्तावेज, इन्हें देंगे ई-लाइब्रेरी की शक्ल, समझाया जाएगा मानव जाति का इतिहास

कार्नर न्यूज

मध्य प्रदेश के भोपाल की तर्ज पर आकर्षक और भव्य भारत भवन का निर्माण रायपुर में किया जाएगा। यह भवन नवा रायपुर स्थित पुरखौती मुक्तांगन परिसर में बनेगा। यहां पर्यटकों सहित शोधार्थियों और कलाकारों को कई तरह की सुविधाएं मिलेंगी। कला और संस्कृति का इससे प्रचार-प्रसार हो सकेगा।

**रायपुर।** कलाकारों की मांग को देखते हुए संस्कृति विभाग ने डीपीआर तैयार कर राज्य शासन को भेज दिया है। उम्मीद की जा रही है कि जल्द ही निर्माण कार्य शुरू कर दिया जाएगा। विभाग के मुताबिक, भारत भवन में अभिलेखागार और मानव संग्रहालय बनेगा। शासन से स्वीकृति के बाद निर्माण के लिए लगभग 70 एकड़ भूमि चिन्हित की गई है। इन भवनों के निर्माण पर लगभग 50 करोड़ खर्च होंगे।



भवन में पर्यटकों, सैलानियों, शोधार्थी, कलाकार समेत सभी विधा के लोगों को मिलेगी सुविधा

### देखने मिलेंगे पुराने दस्तावेज

भारत भवन में पर्यटकों को ब्रिटिश शासन और राजाओं के पुराने दस्तावेज देखने को मिलेंगे। यहां ई-संग्रहालय बनाने की भी योजना है, जिसमें सभी पुराने दस्तावेज को देखा जा सकता है। भवन में कला व संस्कृति से जुड़े सभी विधाओं के बारे में जान पाएंगे। इसमें ना सिर्फ पर्यटकों और सैलानियों को ध्यान में रखकर तैयार किया जा रहा है, बल्कि सभी विधा के कलाकारों को भी इसका लाभ मिल सकेगा। यहां मंच और गैलरी भी होगी। जहां कलाकार अपनी कला का प्रदर्शन कर सकेंगे। यहां वर्कशॉप ऑडिटोरियम और कैंटिन की भी व्यवस्था रहेगी। भवन में मानव संग्रहालय भी प्रस्तावित है, जहां मानव की उत्पत्ति कैसे हुई, यह सारी जानकारी दी जाएगी।

### एक साथ हो सकेंगी सभी कल्चरल एक्टिविटी

विभाग से मिली जानकारी के मुताबिक मानव संग्रहालय प्रबंधन द्वारा सांस्कृतिक परंपराओं के संरक्षण के लिए प्रदर्शन, शोध और प्रशिक्षण के माध्यम से अन्य संस्थानों से संबंध स्थापित करेगा। यह संस्थान सांस्कृतिक जीवन की विविधता प्रस्तुत करने मानव विकास के क्रम के शोध केंद्र के रूप में भी कार्य करेगा। संस्कृति विभाग के संचालक विवेक आचार्य ने बताया कि पुरखौती मुक्तांगन में बिल्डिंग का निर्माण को लेकर डीपीआर राज्य शासन को प्रेषित किया गया है। यह भवन भोपाल के भारत भवन की तर्ज पर बनाया जाएगा, जिसमें सभी कल्चरल एक्टिविटीज एक ही स्थान पर की जा सकती है।

### शोधकर्ताओं को आसानी से मिलेंगे दस्तावेज

भारत भवन में छत्तीसगढ़ के आदिवासी की कला और संस्कृति को करीब से देख पाएंगे। इसके अलावा विभिन्न जनजातियों के महोत्सव भी यहां आयोजित करने की योजना है। विभाग ने एक लाख से अधिक पुराने दस्तावेज का स्कैन कर संग्रहित किया है, जिसे ई-लाइब्रेरी में रखा जाएगा। जल्द ही महात्मा गांधी की राज्य और ब्रिटिश काल की यात्रा से जुड़े इतिहास को प्रदर्शित करने वाले दस्तावेजों को भारत भवन में संरक्षित किया जाएगा। छत्तीसगढ़ में अब शोधकर्ताओं को महात्मा गांधी से जुड़े हर दस्तावेज आसानी से प्राप्त हो सकेंगे।

# रेलवे ने कम किराए में दी ज्यादा सुविधाएं, यात्रियों में उत्साह नहीं

## स्पेशल अनारक्षित पैसेंजर ट्रेन में सफर करने नहीं दिखी यात्रियों की दिलचस्पी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

**खास खबर**

शनिवार को 6 बजे डीआरएम समेत विधायक पुरंदर मिश्रा ने पुरी जाने वाली अनारक्षित ट्रेन को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। रेल मंडल से मिली जानकारी के मुताबिक स्पेशल ट्रेन में रायपुर से 110 से अधिक यात्री चढ़े, जिसमें पुरी जाने के लिए 3 ही यात्री शामिल थे। बाकी यात्रियों ने विभिन्न स्टॉपेज तक सफर किया। 18 कोच की यह ट्रेन विभिन्न स्टेशनों में भी खाली बताई जा रही है।

अनारक्षित पैसेंजर होने के कारण रेलवे ने इसका स्टॉपेज 40 से अधिक दिया था। रेलवे कम किराए के साथ यात्रियों को बेहतर सुविधा देना चाहता था, लेकिन पुरी जाने के लिए यात्रियों की पहली पसंद एक्सप्रेस ट्रेन ही रही। शनिवार को भी रायपुर से गुजरने वाली ट्रेनों में भीड़ देखने को मिली।

दिनभर में चार ट्रेनों में स्लीपर कोच में वेटिंग 40 से 50 देखने को मिली। इसके चलते यात्री बेहद परेशान हुए।





### स्पेशल में अच्छी भीड़ की थी उम्मीद

यात्रियों की मांग पर चली 08383 पुरी स्पेशल ट्रेनों का लाभ रेलवे को नहीं मिला। रायपुर मंडल से सीधे पुरी जाने वाले यात्रियों की संख्या कम रही। मंदिर हसौद, महासमुंद, बागबहरा से भी यात्रियों की 30 फीसदी तक रही। रायपुर से आन्ध्र प्रदेश और ओडिशा जाने के लिए यात्रियों के लिए स्पेशल ट्रेन मददगार साबित हुई। मंडल के अधिकारियों को स्पेशल में अच्छी भीड़ की उम्मीद थी। रेलवे प्लेटफार्म से लेकर सोशल मीडिया में जमकर प्रचार किया, लेकिन अनारक्षित पैसेंजर होने से ज्यादातर यात्रियों ने समय को ध्यान में रखते हुए एक्सप्रेस में सफर करना सही समझा। जगदलपुर से भी पुरी के लिए चली गुंडिचा स्पेशल ट्रेन 08350 में भी ज्यादातर सीटें खाली रहीं।

## खबर संक्षेप



### छग सिख ऑफिसर्स वेलफेयर एसोसिएशन को दान में मिला भूखंड

**रायपुर।** छत्तीसगढ़ सिख वेलफेयर एसोसिएशन के सेवाभावी कार्यों से प्रभावित होकर एक संस्था ने उसे टेमरी में भूखंड दान कर अनूठी पहल की है। वुमेन्स लायंस क्लब रायपुर की संस्थापक अध्यक्ष कमलेश चावला ने वीआईपी रोड पर ग्राम टेमरी में स्थित भूखंड दान में देकर एसोसिएशन के कार्य को सराहा है। एसोसिएशन के संयोजक जीएस बॉम्बरा ने शनिवार को वुमेन्स लायंस क्लब रायपुर की संस्थापक कमलेश चावला द्वारा जनसेवा के लिए भूखंड दान दिए जाने पर आभार व्यक्त करते हुए उनके मुख्य आतिथ्य में ग्रीन आर्मी के साथ मिलकर सामूहिक रूप से पौधरोपण किया। पौधरोपण के मौके पर एसोसिएशन के संयोजक श्री बॉम्बरा, सचिव श्री सलूजा, कोषाध्यक्ष चतर सिंह सलूजा, जगदीश सिंह जब्बल, दीप सिंह जब्बल, डीएस राजपाल, अमोलक सिंह छाबड़ा शामिल रहे।

### बंगाली कालीबाड़ी महिला समिति ने लगाए पौधे



**रायपुर।** बंगाली कालीबाड़ी महिला समिति ने बुधवार को कालीबाड़ी में पौधारोपण किया। इस दौरान पौधा लगाओ, जीवन बचाओ अभियान चलाने की शपथ सभी सदस्यों ने ली। इस दौरान समिति की अध्यक्ष, सचिव, कोषाध्यक्ष एवं वरिष्ठ पदाधिकारियों ने पौधे लगाए। समिति की कार्यकारिणी सदस्य एवं सांस्कृतिक प्रभारी महुआ मजूमदार ने जानकारी दी।

*आमसभा में राजपत्रित अधिकारियों ने सर्वसम्मति से लिया निर्णय*

## राजपत्रित अधिकारी संघ के निर्विरोध अध्यक्ष बने कमल




हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

प्रदेश राजपत्रित अधिकारी संघ ने कमल वर्मा को पुनः निर्विरोध अध्यक्ष चुना है। संघ की आमसभा शनिवार को प्रदेश राजपत्रित अधिकारी संघ के प्रांतीय कार्यालय शंकर नगर में हुई। निर्वाचन अधिकारी अजय पाठक ने सभी उपस्थित राजपत्रित अधिकारियों की सर्वसम्मति से श्री वर्मा को प्रदेश अध्यक्ष बनाने की बात का समर्थन करते हुए निर्विरोध अध्यक्ष घोषित किया।

कार्यक्रम के मुख्य अतिथि सुभाष मिश्र ने कहा, कमल वर्मा अपने सहज-सरल व्यवहार से सबके दिल में बस गए हैं और अपने अधिकारियों की हकों की लड़ाई को पूरी गरिमा व मर्यादा के साथ सफल बनाया है। उनके द्वारा किए गए प्रत्येक कार्य सभी यूनियन के लिए प्रेरणास्पद रहे हैं। प्रांताध्यक्ष कमल वर्मा ने अपने पांच साल के कार्यकाल में प्रदेश के राजपत्रित अधिकारियों के हित में किए गए कार्यों एवं उपलब्धियों से अवगत कराया। संगठन के कोषाध्यक्ष डीपी टावरी ने संघ का आय-व्यय प्रस्तुत किया। उन्होंने संघ की आगामी कार्ययोजना पर कहा, वे आने वाले समय में राजपत्रित अधिकारी संदेश पत्रिका का प्रकाशन एवं राजपत्रित अधिकारियों को नवा रायपुर में रियायती दर पर आवास के लिए जमीन उपलब्ध कराने के लिए शासन स्तर पर प्रयास करेंगे। उन्होंने राजपत्रित अधिकारियों की हर समस्या को शासन के समक्ष दृढ़ता से रखकर निराकरण करने का प्रयास करेंगे।

### भुइयां और ई-कोर्ट साफ्टवेयर में किए जा रहे सुधार

# राजस्व मंत्री की पटवारी संघ से अपील- हड़ताल से नहीं निकलेगा समस्या का समाधान

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

राजधानी रायपुर सहित प्रदेश के 32 जिलों में राजस्व पखवाड़ा का आयोजन शनिवार से शुरू होकर 20 जुलाई तक चलेगा। सोमवार से पटवारी संघ भुइयां ऐप में गड़बडी को लेकर प्रदेश स्तर पर अनिश्चितकालीन प्रदर्शन करने जा रही हैं। पटवारियों की हड़ताल को लेकर राजस्व मंत्री टंकराम वर्मा ने कहा, पटवारियों से हमारी बात हुई है। हड़ताल पर जाने से किसी भी समस्या का समाधान नहीं निकलेगा। उन्होंने फिर से विचार करने की अपील की है। उन्होंने कहा, हड़ताल से किसी का भला नहीं होगा।

राजस्व मंत्री टंकराम वर्मा ने संवाददाताओं से चर्चा में राजस्व पखवाड़ा, राजस्व प्रकरणों एवं अन्य राजस्व विषयों के संबंध में जानकारी दी। राजस्व पखवाड़ा की शुरुआत शनिवार से 32 जिलों में की जा रही है। बलौदा बाजार जिले में 1 जुलाई से राजस्व पखवाड़ा की शुरुआत की गई है, जो 15 जुलाई तक चलेगा। उन्होंने बताया कि सारंगढ़ में जिस पटवारी को निलंबित किया गया था, उसको बहाल करने की मांग पटवारी संघ की ओर से की जा रही है। हमने इस विषय को संज्ञान में लिया है, पेपर भी मंगाया है।



### जिलों में नियुक्त होंगे प्रोग्रामर

राजस्व मंत्री टंकराम वर्मा ने कहा, पटवारियों की जो समस्या है, उसको देखते हुए सभी जिले में एक-एक प्रोग्रामर को नियुक्त किया है। किसानों को कार्यालय के चक्कर न काटने पड़ें, इसको लेकर काम किया जाना है। भुइयां और ई-कोर्ट सॉफ्टवेयर में व्हाट्स एप का इंटीग्रेशन किया जा रहा है। इससे जन सामान्य को सभी तरह की सूचनाएं व्हाटस-एप से मिल सकें।

### यूपीआई और नेट बैंकिंग से भू-राजस्व जमा होंगे

सभी प्रकार के भू-राजस्व प्राप्तियों के लिए पेमेंट गेट-वे की शुरुआत की जा रही है। अभी तक ट्रेजरी चालान के माध्यम से भू-राजस्व जमा होता था। अब बैंक खाते, यूपीआई आईडी और नेट बैंकिंग के माध्यम से भू-राजस्व जमा किया जा सकता है। भूमिस्वामी के खातों में आधार, मोबाइल नंबर और किसान किताब नंबर की प्रविष्टि यथाशीघ्र शत-प्रतिशत पूर्ण की जावेगी।

### राजस्व आपदा के लिए 143 करोड़ का प्रवधान

राज्य में अभी 7 लाख 4 हजार 154 दर्ज प्रकरणों में से 5 लाख 90 हजार 490 प्रकरणों का निराकरण किया जा चुका है। लंबित प्रकरणों को समय-सीमा में निराकृत करने के निर्देश संबंधित राजस्व अधिकारियों को दिए गए।

### आबादी भूमि का ड्रोन सर्वे पूरा

स्वामित्व योजना अंतर्गत राज्य के सभी ग्रामों की आबादी भूमि का ड्रोन के माध्यम से सर्वे का कार्य पूर्ण किया जा चुका है। इसमें से 10375 ग्रामों का मैप-1 प्राप्त हो गया है। अक्टूबर 2024 तक सभी ग्रामों के आबादी भूमि धारकों को अधिकार अभिलेख वितरण का लक्ष्य रखा गया है।

### चिप्स तकनीकी एजेंसी नियुक्त

डिजिटल क्रॉप सर्वे हर मौसम में उगाये फसल का रिकार्ड रखने के लिए जियो टैगिंग के माध्यम से फील्ड में जाकर ही फसल सर्वेक्षण मोबाइल एप के माध्यम से किया जा रहा है। राज्य, जिला, तहसील एवं ग्राम में उगाई जाने वाली फसलों की जानकारी इससे आसानी से होगी। जियो-रिफ्रेंसिंग प्रधानमंत्री गतिशक्ति योजनांतर्गत राज्य के सभी राजस्व ग्रामों के पटवारी नक्शा का जियो रिफ्रेसिंग कर डाटा निर्माण किये जाने की कार्यवाही राज्य में प्रारंभ हो गई है, जिसके लिए चिप्स को तकनीकी एजेंसी नियुक्त किया गया है।

### माहेश्वरी युवा मंडल की अध्यक्ष बनीं सीमा

**रायपुर।** माहेश्वरी युवा मंडल महिला समिति की 50वीं वार्षिक आमसभा एवं चुनावी बैठक का आयोजन सप्ताहंत में किया गया। डुंडा स्थित माहेश्वरी भवन में नई कार्यकारिणी सदस्यों का चयन किया गया। जिसमें अध्यक्ष सीमा नत्थानी, सचिव आशा राठी, उपाध्यक्ष भूमिका नत्थानी, कोषाध्यक्ष विद्या काबरा, सह सचिव सुरुचि नत्थानी को समिति का नवीन पदभार सौपा गया।

**पेज 1 के शेष**

### न सिस्टम सुधरा...

खारुन को मेला होने से बचाने में व्यापक स्तर पर व्यवस्था अब तक नहीं की गई है। इधर रायपुर नागरिक समिति ने भी हरिभूमि की खबर के बाद नदी के अलग-अलग 6 स्थानों पर पानी का सैंपल लेकर इसे पीएचई के प्रयोगशाला में जांच के लिए भेजा हुआ है, जिसकी रिपोर्ट अभी आनी है।

### चुनाव के बाद बाजार...

सेक्टरों में महंगाई का बड़ा तगड़ा झटका लगेगा। एक-एक करके कई सेक्टरों में कीमतें बढ़ाने का खेल चल रह है। पूरे बाजार में एक तरह से सिंडिकेट का कब्जा हो गया है। एक-एक करके सामान की कीमत बढ़ाने का खेल चल रहा है। हालांकि कुछ सामानों की कीमत बढ़ने का कारण उत्पादन कम होना या मौसमी भी होता है लेकिन ज्यादातर सामान की कीमत बढ़ने के पीछे मुनाफाखोरी का ही खेल चल रहा है। सबसे ज्यादा मुनाफाखोरी का खेल चिल्हर में चल रहा है। एक ही सामान की कीमत एक ही शहर में अलग-अलग रहती है। किचन का हर सामान महंगा होते जा रहा है। एक सामान की कीमत को एक सीमा पर ले जाकर छोड़ने के बाद दूसरे सामान को पकड़ लिया जाता है। कारोबारियों को किसी सामान में एक छोटा सा कारण नजर आने की देर नहीं कि उस सामान की कीमत को आसमान पर पहुंचाने में सब जुट जाते हैं।

### चुनाव के पहले और...

- तारपीन तेल 20 से बढ़कर 25 रुपए
- रेत 22 से 24 रुपए फीट से बढ़कर 28 से 30 रुपए
- मोबाइल का रीचार्ज 84 दिनों वाला 719 से बढ़कर 859 रुपए
- मोबाइल का रीचार्ज 28 दिनों वाला 179 से बढ़कर 199 रुपए

शिक्षा भूमि



रथ यात्रा भगवान जगन्नाथ की यात्रा, ओडिशा के पुरी में हर साल धूमधाम से मनाई जाती है। इस पवित्र पर्व का धार्मिक और सांस्कृतिक महत्व बहुत गहरा है। रथ यात्रा के दिन भगवान जगन्नाथ, उनके भाई बलभद्र और बहन सुभद्रा के विशाल रथों पर सवार होकर मंदिर से गुंडिचा मंदिर तक की यात्रा करते हैं। यह यात्रा लगभग 3 किलोमीटर की होती है और लाखों श्रद्धालु इसमें भाग लेते हैं।
भगवान जगन्नाथ का रथ 'नंदिघोष', बलभद्र का 'तालध्वज' और सुभद्रा का 'दर्पदलन' कहलाता है। इन रथों को भक्तगण रस्सियों से खींचते हैं, इसे अत्यंत शुभ माना जाता है। रथ यात्रा का मुख्य उद्देश्य भगवान को भक्तों के करीब लाना और समाज में सेवा, भक्ति और एकता की भावना को प्रोत्साहित करना है।
रथ यात्रा के दौरान पुरी शहर भक्ति और उल्लास से गूंज उठता है। धार्मिक अनुष्ठान, भजन-कीर्तन और सांस्कृतिक कार्यक्रमों का आयोजन होता है। इस अवसर पर, हम भगवान जगन्नाथ से प्रार्थना करते हैं कि वे सभी के जीवन में सुख, शांति और समृद्धि लाएं।

Contact for ad 7987119756

Admissions Open
2024-25

PAARAS INSTITUTE OF EDUCATION
ADMISSION OPEN
UNIVERSITY AFFILIATED
DIPLOMA COURSE
DCA
PGDCA
INSTITUTE COURSE



- TALLY GST
- ADVANCE EXCEL
- BASIC COMPUTER
- TYPING CLASSES
- CCA+ TALLY
- GRAPHICS DESIGNING
- SPOKEN ENGLISH CLASSES

0771-3585942, 6263903865
Ring road no1, near mahavir sweets, Bhatagaon chowk Raipur



प्रभु श्री जगन्नाथ
रथ यात्रा
की हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं...

प्रवेश प्रारंभ पं. रविशंकर शुक्ल वि.वि. से सम्बद्ध प्रवेश प्रारंभ
शांतिनिकेतन महाविद्यालय
M.Sc. Micro Bio., I.T., Com. Science
B.Sc. Micro Bio., Com. Science, I.T. & Plain
B.Com. Plain & Computer Application
प्रवेश शुल्क में 50% की विशेष छूट
ST, SC, OBC विद्यार्थियों के लिए (100%) छात्रवृत्ति की सुविधा
BCA, DCA, PGDCA
प्रथम, द्वितीय व तृतीय वर्ष में प्रवेश हेतु संपर्क करें:-
बाजार चौक के पास, चंगोराभाठा, रायपुर
0771-2243085, 2242890, 9425526891, 7828168418

सफलता के सूत्रः- ★ संकल्प ★ साधना ★ समर्पण
छत्तीसगढ़ी अग्रवाल समाज के महाराजाधिराज अग्रसेन शिक्षण समिति द्वारा संचालित
स्व. कमला देवी नकछेद प्रसाद स्मृति
अग्रसेन महाविद्यालय
[NAAC Accredited, Recognised Under UGC Act 2(f) & 12B]
पं. रविशंकर शुक्ल विश्वविद्यालय एवं कुशाभाऊ ठाकरे पत्रकारिता एवं जनसंचार वि.वि. से संबंद्ध
उपलब्ध पाठ्यक्रम...
ADMISSION OPEN
B.Com | B.Com Computer | BBA
M.Com | Ph.D Commerce | BCA
DCA | PGDCA | B.Sc. Computer Science
BA JMC | B.Sc. Electronic Media | PGDJ
MSW | PGD IN YOGA
विशेष छात्रवृति छुट
सत्र 23-24 में कक्षा 12वीं में उत्तीर्ण छात्रों को शिक्षण शुल्क में छुट..
75% से 85% अंक - 25%
85.01% से 95% अंक - 50%
95.01% व अधि अंक- 75%
जैतुसाव मठ परिसर, पुरानी बस्ती, रायपुर (छ.ग.)
0771 4904913, 7777884998, 8871007980, 9229207980
WIFI CAMPUS I E-LIBRARY WITH 96000 E-BOOKS I SEMINAR & WORK SHOPS I PDP & ENGLISH CLASSES.

COLUMBIA
GROUP OF INSTITUTIONS
SURPASS THE CROWD WITH US
Engineering
B.Tech, M.Tech, Diploma
MBA
Dual Specialization
Science & Commerce
B.B.A., B.Com., B.Sc.(CS), B.A., B.C.A., P.G.D.C.A.
Pharmacy
D.Pharm, B.Pharm(NBA Accredited)
B.Pharm(Practice), Ph.D
B.Pharm(Lateral Entry)
M.Pharm (DST FIST, New Delhi supported lab)
Nursing
B.Sc. Nursing, M.Sc. Nursing(Oncology)
Educational Course
B.Ed., D.El.Ed.
Admissions Open 2024-25
Near Vidhan Sabha Road, Tekari, Raipur-493111, Chhattisgarh, India
9893633603, 7828520999
Columbiaiop.ac.In | Cietraipur.ac.In

# 3 महीने में 200 ट्रेनें रद्द, इधर रेलवे ने बनाया 47 मिलियन टन की ढुलाई का रिकार्ड

हरिभूमि न्यूज ▸▸। रायपुर।

रेलवे के विकास कार्यों से रद्द हो रही ट्रेनों का फायदा मालगाड़ियों को काफी हो रहा है। बीते तीन महीने में 200 से अधिक ट्रेनों को रेलवे ने रद्द किया, ताकि पटरियों का कार्य किया जा सके। लेकिन इस बीच मालगाड़ियों का परिचालन रेलवे ने नहीं रोका। लगातार ट्रेनों के रद्द से जोन के लाखों यात्रियों को दिक्कत हुई। दूसरी ओर इस बीच रेलवे ने मालगाड़ियों का परिचालन बढ़ाकर नई उपलब्धि हासिल कर ली है। इस वित्तीय वर्ष के प्रथम 3 माह बिलासपुर मंडल में 30 जून तक 47 मिलियन टन माल ढुलाई किया है। पिछले साल वित्तीय वर्ष के प्रथम तिमाही में 40 मिलियन टन हुआ था। ट्रेनों के रद्द होने के बाद भी मालगाड़ियों का परिचालन जारी रहा। जानकारी मुताबिक ट्रैक खाली होने से रेलवे ने मालगाड़ियों की संख्या और बढ़ा दी, ताकि अधिक से अधिक कोयला का ढुलाई हो। जोन में ट्रेन रद्द के दौरान जमकर माल की ढुलाई है।

**खास बातें**

- बिलासपुर मंडल का प्रथम तिमाही लदान में अब तक का सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन
- विकास के नाम पर यात्री ट्रेनों को रद्द कर रेलवे लगातार चला रहा मालगाड़ी



### हर दिन गुजर रही 40 से अधिक मालगाड़ी

ट्रेनों के रद्द होने से अब पटरियों में मालगाड़ी की संख्या बढ़ती जा रही है। पटरियों के काम से मालगाड़ी के परिचालन में कोई असर होता नजर नहीं आ रहा है। वर्तमान में 40 से अधिक मालगाड़ी सुबह से रात के समय रायपुर से गुजर रही है, जो ट्रेनों के रद्द होने से पहले 30 बताई जा रही। जिस रूट पर पटरियों का काम चल रहा है, रेलवे उस जगह के लिए मालगाड़ियों का परिचालन परिवर्तित मार्ग से कर रहा है। रेलवे माल गाड़ियों को रद्द करने से बच रहा है। रेलवे का कहना है कि ट्रेनों के रद्द होने से मालगाड़ी का परिचालन प्रभावित हो जाता है, लेकिन हकीकत में मालगाड़ी बेधड़क पटरियों में दौड़ रही है। यह स्थिति पूरे जोन में है।

### मालगाड़ियों की जारी नहीं होती सूचना

रेलवे का कहना है कि देशभर में पटरियों को अपग्रेड करने का काम तेजी से चल रहा है। इस वजह से रायपुर से गुजरने वाली ट्रेनों को हर महीने रद्द करना पड़ रहा है। जिस रूट पर यात्री ट्रेनों को रद्द किया जाता है, उस मार्ग पर मालगाड़ियों का परिचालन रद्द नहीं किया जाता। रेलवे के अनुसार ट्रेनों की तरह मालगाड़ियों के रद्द होने की सूचना जारी नहीं की जाती। पटरियों में दोपहर के वक्त काम होता है। उस समय केवल मालगाड़ी नहीं चलाई जाती, लेकिन सुबह और रात के समय पटरियों को मालगाड़ी का परिचालन जारी रहता है। इस वजह से मालगाड़ी को रद्द नहीं किया जाता।

## खबर संक्षेप

### छह दिन में केवल 64 मिमी. बारिश, सूखा-सूखा बीता पहला सप्ताह

**रायपुर।** जुलाई का पहला सप्ताह छत्तीसगढ़ में सूखा-सूखा बीत रहा है। गत छह दिनों में यहां केवल 64 मिमी. बारिश हुई। राज्य में अब तक सामान्य से 22 प्रतिशत कम बारिश हुई है और रायपुर जिले में इसकी कमी 21 फीसदी की है।



मौसम विशेषज्ञों के अनुसार, आने वाले दिनों में राज्य में व्यापक वर्षा होने की संभावना है, मगर अगले चौबीस घंटे में भारी बारिश उत्तर और दक्षिण के सीमावर्ती इलाकों तक सीमित रह सकती है। वैसे तो जुलाई का महीना बारिश का मौसम माना जाता है, मगर इस बार पहले सप्ताह में कुछ स्थानों पर ही मानसून का प्रभाव नजर आया है। राज्य में अब तक कुल 200.3 मिमी. बारिश हुई है, जो सामान्य 258.3 मिमी. से 22 प्रतिशत कम है। रायपुर जिले में 17.8 मिमी. वर्षा हुई है, जो सामान्य से 21 फीसदी कम है। एकमात्र कोरबा जिला ऐसा है, जहां 319 मिमी. वर्षा हुई है, जो सामान्य से 29 प्रतिशत अधिक है।

### शिवसेना ने रथयात्रा की दीं शुभकामनाएं

**रायपुर।** ओडिशा में भगवान श्रीकृष्ण-राधा और बलराम की भव्य रथयात्रा निकाली जाती है, जहां विश्वभर से लोग एकत्रित होते हैं। इसी कड़ी में छत्तीसगढ़ के रायपुर राजधानी में 7 जुलाई को रथयात्रा, भव्य शोभायात्रा निकाली जा रही है। इसके लिए शिवसेना उद्धव बाला साहेब ठाकरे के प्रदेश प्रवक्ता संजय नाग ने पूरे शिवसेना की ओर से सभी रथयात्रियों, धर्मालु, श्रद्धालुओं को अपना बधाई संदेश दिया है।

### हिंदी पत्रकारिता के विकास में संगोष्ठी आज

**रायपुर।** छत्तीसगढ़ साहित्य एवं संस्कृति संस्थान तथा प्रेस क्लब के संयुक्त तत्वावधान में संगोष्ठी का आयोजन किया जा रहा है। यह कार्यक्रम पं. स्वराज्य प्रसाद त्रिवेदी की स्मृति में 7 जुलाई को सुबह 11.30 बजे से प्रारंभ होगा। यह संगोष्ठी हिंदी पत्रकारिता के विकास में छत्तीसगढ़ का योगदान विषय पर होगा। यह जानकारी प्रेस क्लब के महासचिव डॉ. वैभव पांडेय, संस्थान के महासचिव डॉ. सुधीर शर्मा और कोषाध्यक्ष डॉ. सुरेश शुक्ला ने देते हुए बताया कि कार्यक्रम के मुख्य अतिथि भाषाविद डॉ. चितरंजन कर होंगे। विशिष्ट वक्ता वरिष्ठ पत्रकार गिरीश पंकज और पत्रकारिता विश्वविद्यालय के संकायाध्यक्ष डॉ. नरेंद्र त्रिपाठी होंगे। समारोह की अध्यक्षता प्रेस क्लब के अध्यक्ष प्रफुल्ल ठाकुर करेंगे। संगोष्ठी के बाद संस्थान की महिला इकाई की सांगठनिक बैठक होगी, जिसमें अध्यक्ष शकुंतला तरार, महासचिव डॉ. सीमा निगम सहित पदाधिकारी और सदस्य उपस्थित रहेंगी।

## कलेक्टर के आदेश के बाद भी मवेशियों को सड़क से हटाने प्रशासन नाकाम

# ट्रक की चपेट में आने से 15 मवेशियों की मौत, ग्रामीण आक्रोशित, चालक गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ▸▸। रायपुर

राजधानी तथा आउटर की सड़कें गोठान में तब्दील हो गई हैं। सड़कों में मवेशियों का कब्जा हो गया है, जिसकी वजह से आए दिन सड़क दुर्घटनाएं हो रही हैं। दुर्घटनाओं में मवेशियों की जान जाने के साथ ही लोग दुर्घटना का शिकार हो रहे हैं।

- घटना तिल्दा थाना क्षेत्र में हाईवे से सटे किरना गांव की

ऐसे ही एक मामले में शुक्रवार-शनिवार की दरमियानी रात तिल्दा थाना क्षेत्र में ट्रक की चपेट में आने से 15 मवेशियों की मौत हो गई है। मवेशियों की मौत से आक्रोषित ग्रामीण तथा अलग-अलग संगठन से जुड़े लोगों ने विरोध करते हुए जमकर प्रदर्शन किया। इस मामले में ट्रक चालक मनोज कुमार साहू निवासी मध्यप्रदेश के सिंगरौली निवासी को गिरफ्तार किया गया है।

पुलिस के मुताबिक ट्रक की चपेट में आने से 15 मवेशियों की मौत हुई है। लोगों को इसकी जानकारी शनिवार तड़के लगी। मवेशियों के मारे जाने की सूचना मिलने पर गोसेवक से जुड़े हिंदू संगठन के लोग मौके पर पहुंचे गए और पुलिस पर लापरवाही करने का आरोप लगाते हुए प्रदर्शन किया। लोगों ने मवेशियों की मौत एक्सीडेंट से होने के बजाय रॉड से हमला कर मारे जाने का आरोप लगाया। आरोप को लेकर टीआई का कहना है कि मवेशियों का पोस्टमार्टम कराया गया है। शार्ट पीएम रिपोर्ट में मवेशियों की मौत एक्सीडेंट से होने की बात सामने आई है।





### भारी वाहनों की होती रहती है आवाजाही

गौरतलब है कि जहां मवेशियों की मौत हुई है, उस मार्ग पर भारी वाहनों की दिनभर आवाजाही होती रहती है। तिल्दा-बलौदाबाजार मार्ग पर सीमेंट के साथ अन्य प्रकार के समान से लदे भारी वाहनों की आवाजाही बढ़ जाती है। पुलिस को आशंका है कि रात के समय ट्रैफिक का दबाव होने की वजह से एक्सीडेंट की घटना में मवेशियों की मौत हुई होगी।

### कलेक्टर के निर्देशों का भी पालन नहीं

सड़कों पर मवेशियों का जमावाड़ा होने की वजह से एक्सीडेंट का खतरा बना रहता है, साथ ही मार्ग बाधित होता है। इस बात को देखते हुए कलेक्टर ने जिले के सभी विकासखंडों के स्थानीय प्रशासन को सड़कों से मवेशी हटाने के निर्देश दिए हैं। बावजूद इसके स्थानीय प्रशासन सड़कों से मवेशी हटाने ध्यान नहीं दे रहा।

### राजधानी की सड़कों पर मवेशियों का कब्जा

जिले के अन्य शहरों की तरह राजधानी की सड़कों पर भी दिन के साथ रात के समय मवेशियों का जमावाड़ा रहता है। रात के समय सड़कों पर मवेशियों की संख्या दिन की अपेक्षा ज्यादा रहती है। साथ ही शहर से सटे हाईवे पर भी मवेशियों का कब्जा रहता है। रात के समय विधानसभा रोड के साथ ही बिलासपुर जाने वाले मार्ग पर मवेशी ज्यादा रहते हैं।

### बारिश में संख्या ज्यादा बढ़ जाती है

बारिश के दिनों में मवेशियों का सड़कों पर कब्जा अन्य दिनों की अपेक्षा ज्यादा रहता है। इसकी वजह मेन रोड के साथ गली के मार्गों पर सड़क के किनारे जलभराव की स्थिति रहती है, जिसके चलते मवेशी सूखी जगह की तलाश में सड़कों पर आ जाते हैं। बारिश के दिनों में सड़कों पर अंधेरा ज्यादा होने की वजह से मवेशी की वजह से एक्सीडेंट का खतरा और बढ़ जाता है।

# शहरभर में 5 लाख पौधे लगाने की तैयारी



हरिभूमि न्यूज ▸▸। रायपुर

रायपुर नगर निगम क्षेत्र के 10 जोन के 70 वार्डों में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के पर्यावरण हितैषी आव्हान पर मुख्यमंत्री विष्णु देव साय के नेतृत्व और नगरीय प्रशासन एवं विकास मंत्री अरूण साव एवं सांसद बृजमोहन अग्रवाल के मार्गदर्शन में 5 लाख पौधों का रोपण किया जाएगा।

- एक पेड़ मां के नाम अभियान
- सांसद बृजमोहन अग्रवाल, सभापति प्रमोद दुबे, पूर्व सांसद सुनील सोनी ने पौधा रोपा

एक पेड़ मां के नाम महाभियान के तहत शनिवार को जोन-6 क्षेत्र के तहत नरैया तालाब गार्डन पौधारोपण किया गया। इस अवसर पर निगम सभापति प्रमोद दुबे, पूर्व सांसद सुनील सोनी, निगम आयुक्त अबिनाश मिश्रा, उप नेता प्रतिपक्ष मनोज वर्मा, एमआईसी सदस्य ज्ञानेश शर्मा, जोन अध्यक्ष निशा देवेंद्र यादव, पार्षद सरिता वर्मा, चंद्रपाल धनगर, पूर्व नेता प्रतिपक्ष सुभाष तिवारी, छत्तीसगढ़ राज्य औद्योगिक विकास निगम के पूर्व अध्यक्ष छगन मुंदड़ा, पूर्व पार्षद राधेश्याम बुंदेला, जगदीश आहूजा, महादेव नायक, जोन कमिश्नर रमेश जायसवाल, कार्यपालन अभियंता अतुल चोपड़ा सहित सामाजिक कार्यकर्ता व नागरिक शामिल रहे।

रायपुर लोकसभा सांसद बृजमोहन अग्रवाल ने इस मौके पर नरैया तालाब गार्डन में ओपन जिम तत्काल प्रारंभ कराने विभागीय अधिकारियों को निर्देश दिए। ओपन जिम में सीमेंटेड कुर्सियां लगवाने और 2 चौकीदार की व्यवस्था तत्काल करने की हिदायत दी गई।

# महिला थाना प्रभारी निलंबित

हरिभूमि न्यूज ▸▸। रायपुर

घरेलू हिंसा तथा दहेज प्रताड़ना का अपराध दर्ज करने के लिए पीड़िता से 20 हजार रुपए रिश्वत लेते रंगे हाथ गिरफ्तार महिला थाना प्रभारी वेदवती दरियो को एसएसपी संतोष सिंह ने शनिवार को निलंबित कर दिया है। रिश्वत लेने के आरोप में गिरफ्तार महिला थाना प्रभारी को कोर्ट में पेश किया गया। कोर्ट के आदेश पर महिला थाना प्रभारी को 19 जुलाई तक न्यायिक रिमांड पर पुलिस ने जेल दाखिल किया है।

- कोर्ट के आदेश पर महिला थाना की टीआई 19 जुलाई तक जेल दाखिल

गौरतलब है कि घरों में खाना बनाने का काम करने वाली लोधीपारा निवासी महिला की शिकायत पर एसीबी ने महिला टीआई को शुक्रवार को ट्रैप किया था। पीड़ित महिला का आरोप है कि वह अपने पति के खिलाफ चार माह पूर्व घरेलू हिंसा तथा दहेज प्रताड़ना को लेकर थाने में शिकायत दर्ज कराई थी। काउंसिलिंग में समझौता नहीं होने के बाद भी महिला थाना प्रभारी रिपोर्ट दर्ज करने पीड़ित महिला से टाल-मटोल कर रही थी। इस पर महिला टीआई ने रिपोर्ट करने के नाम पर पीड़ित महिला से 50 हजार रुपए की मांग की। पैसों की मांग किए जाने पर महिला ने इसकी लिखित शिकायत एसीबी में दर्ज कराई। महिला की शिकायत पर एसीबी ने टीआई को रिश्वत लेते रंगे हाथ गिरफ्तार किया।

**घरेलू हिंसा में केस दर्ज करने मांगा पैसा, घूस के साथ महिला टीआई गिरफ्तार**

हरिभूमि न्यूज ▸▸। रायपुर

महिला थाना प्रभारी वेदवती दरियो को एसीबी की टीम ने एफआईआर दर्ज करने के एवज में 20 हजार रुपए रिश्वत लेते रंगे हाथ गिरफ्तार किया है। महिला थाने की टीआई ने एक महिला से उसके पति के खिलाफ दहेज प्रताड़ना तथा घरेलू हिंसा मामले में एफआईआर दर्ज करने पैसों की मांग की थी। टीआई जिस महिला से पैसों की मांग कर रही थी, वह मूलतः गरियाबंद की रहने वाली है। वह लोधीपारा में निवासरत है और लोगों के घरों में खाना बनाने का काम करती है। ▸▸। शेष पेज 2 पर

- थाना प्रभारी वेदवती दरियो की जेब से निकले रिश्वत के 20 हजार



**नायब तहसीलदार घूस लेते गिरफ्तार**

धमतरी। छत्तीसगढ़ के धमतरी में एक अधिकारी रिश्वत लेते रंगे हाथों पकड़ाया है। मिली जानकारी के मुताबिक यहां कब्जा जमीन मामले में एक ग्रामीण से 50000 हजार रुपए की रिश्वत लेते हुए धमतरी तहसील कार्यालय में पदस्थ नायब तहसीलदार ▸▸। शेष पेज 2 पर

**अंशकालीन कर्मचारी को पूर्णकालिक करने, ठेका प्रथा बंद कर नियमितीकरण**

# 10 सूत्रीय मांगों की अनदेखी, अनियमित कर्मचारी 20 को करेंगे धरना-प्रदर्शन

हरिभूमि न्यूज ▸▸। रायपुर

छत्तीसगढ़ प्रगतिशील अनियमित कर्मचारी फेडरेशन के आव्हान पर प्रदेशभर के विभिन्न शासकीय, कार्यालयों, विभागों में कार्यरत अनियमित कर्मचारी नियमितीकरण, निकाले गये कर्मचारियों की बहाली, अंशकालीन कर्मचारियों को पूर्णकालिक करने सहित 10 सूत्रीय मांगों को लेकर 20 जुलाई को प्रदर्शन करेंगे। नवा रायपुर के तूता स्थित धरनास्थल से प्रति शासन का ध्यान आकर्षित कराने ध्यानाकर्षण रैली निकाली जायेगी।

फेडरेशन के प्रदेश अध्यक्ष गोपाल प्रसाद साहू, कार्यकारी अध्यक्ष प्रेमप्रकाश गजेन्द्र, सचिव अरुण वैष्णव ने संयुक्त रूप से कहा अनियमित कर्मचारी अपने अधिकार के लिए समय-समय पर आंदोलन कर शासन का ध्यान आकर्षित कराते रहे हैं। अनियमित कर्मचारियों के मंच पर पूर्व में भाजपा के कई वरिष्ठ नेताओं, जनप्रतिनिधियों ने आकर हमारी समस्याओं को सुना और अनियमित कर्मचारियों की समस्याओं को प्रदेश में भाजपा की सरकार बनने पर यथाशीघ्र निराकरण करने आश्वस्त किया था, 6 माह बीतने के बाद भी प्रदेश की भाजपा सरकार अनियमित कर्मचारियों की मांग पर ध्यान नहीं दे रही। वह केवल एक कमेटी बनाकर भूल गई है। यही नहीं, कई विभागों में अनियमित कर्मचारियों की छंटनी की जा रही है। अनेक विभागों में बढ़ी संविदा दर व सम्मान की राशि नहीं दी जा रही है।




### प्रमुख मांग इस तरह

- दैनिक वेतनभोगी, कलेक्टर दर, श्रमायुक्त दर, संविदा, जॉब दर पर कार्यरत कर्मचारियों को तत्काल नियमित व स्थायीकरण किया जाये।
- जॉब दर में कार्यरत कर्मचारियों को मासिक न्यूनतम वेतन पर समायोजित करने की मांग।
- विगत वर्षों में छंटनी किये गये अनियमित कर्मचारियों को फिर से बहाल किया जावे।
- अंशकालीन कर्मचारियों को पूर्णकालिक कर एक नियत अवधि के भीतर स्थायीकरण किया जाये।
- प्लेसमेंट के माध्यम से कार्यरत कर्मचारियों को संबंधित विभाग में समायोजन कर नियमितीकरण करने की मांग।
- बिहान केडर कर्मचारी, परिवहन कर्मचारी, मीटर रीडर, रेशम विभाग, 102, 108 और 112 के कर्मचारी, डायलिसिस टेक्नीशियन, हाट बाजार कर्मचारी का विभाग में समायोजन।
- धरना प्रदर्शन के दौरान अनियमित कर्मचारियों पर दर्ज प्रकरणों को शून्य घोषित किया जावे।

# खमतराई मार्ग पर 5 बड़े पाटे ध्वस्त, सफाई की बाधा दूर

हरिभूमि न्यूज ▸▸। रायपुर

बारिश के सीजन में नाले-नालियों पर कब्जा कर बनाये गये पाटों को तोड़ने निगम प्रशासन एलर्ट मोड में है। शनिवार को नगर निगम जोन 1 क्षेत्र के खमतराई मुख्य मार्ग पर निगम के तोड़ूदस्ता ने पुलिस बल की मौजूदगी में 5 बड़े पाटों को जेसीबी से तोड़कर गंदे पानी का निकास सुगम कराया।

- नाली पर बेजा कब्जा, जेसीबी मशीन से तोड़ा

नगर निगम जोन 1 कमिश्नर हितेंद्र यादव के निर्देश पर जोन 1 नगर निवेश विभाग और नगर निगम मुख्यालय नगर निवेश उड़नदस्ता की टीम ने खमतराई मुख्य मार्ग पर पुलिस बल की उपस्थिति में अभियान चलाया। इस दौरान मुख्य मार्ग पर बड़ी नाली पर कब्जा जमाकर बनाये गए 5 बड़े पाटों को जेसीबी मशीन की सहायता तोड़ने की कार्रवाई की गई। अभियान में लगभग 25 ठेलों को हटाकर मार्ग को कब्जामुक्त करते हुए सुगम आवागमन की सुविधा उपलब्ध कराई गई।



**पाठक सूचना**

हरिभूमि के सुधि पाठकों को अखबार की प्रतियां नहीं मिल रही हो या अन्य अखबार दिया जा रहा हो तो हमें निम्न नंबर पर संपर्क करें या वाट्सअप करें

9827555678, 8224868411

## बिजनेस साइट

### मिरैकल्स क्लीनिक में बच्चों का स्वर्णप्राशन आज

**रायपुर।** पुष्य नक्षत्र के अवसर पर आज सुबह 10 बजे से मिरैकल्स क्लीनिक में बच्चों का स्वर्णप्राशन किया जाएगा। स्वर्णप्राशन संस्कार, जैसा नाम स्वर्ण अर्थात शोधित स्वर्ण एवं जड़ी-बूटियों के अर्क से निर्मित लेह है, जो बच्चों को पुष्य नक्षत्र में पान कराया जाता है। शंकर नगर स्थित मिरैकल्स क्लीनिक की संचालक डॉ. पिंकी चौरसिया ने बताया कि स्वर्णप्राशन कराने से बच्चों में रोग-प्रतिरोधक क्षमता बढ़ती है। साथ ही बच्चों में शारीरिक, मानसिक, बौद्धिक विकास होता है। लगातार स्वर्णप्राशन का उपयोग करने से बार-बार होने वाले सर्दी-बुखार से बच्चों को बचाया जा सकता है। यह बहुत सुरक्षित विधि है। यह बच्चों के स्वास्थ्य हेतु श्रेष्ठ है। उन्होंने कहा कि प्रत्येक माह के पुष्य नक्षत्र में यह स्वर्णप्राशन संस्कार किया जाता है।



### एंजल्स स्कूल ऑफ एक्सीलेंस में फाउंडर्स-डे



**रायपुर।** एंजल्स स्कूल ऑफ एक्सीलेंस द्वारा शनिवार को फाउंडर्स-डे का आयोजन किया गया। इस वर्ष शाला ने अपनी 24 वर्ष की यात्रा पूरी की। कार्यक्रम के अतिथि शाला समिति के अध्यक्ष मोहित अग्रवाल ने अपने परिवार सहित उपस्थिति दर्ज कराई। कार्यक्रम की शुरुआत गणेश वंदना से हुई। बच्चों ने रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किए, जिसमें पृथ्वी को बचाने का संदेश देते हुए मानसून का स्वागत हर्षोल्लास के साथ किया गया। कार्यक्रम में बच्चों को 11 हजार की स्कॉलरशिप भी दी गई।

### सेंट विंसेंट पल्लोटी कॉलेज में राष्ट्रीय शिक्षा नीति का प्रशिक्षण संपन्न

**रायपुर।** सेंट विंसेंट पल्लोटी कॉलेज में राष्ट्रीय शिक्षा नीति को गहराई से समझने के उद्देश्य से एक दिवसीय विशेष प्रशिक्षण का आयोजन उच्च शिक्षा विभाग के तत्वावधान में किया गया। प्रशिक्षक डॉ. ज्योति मिश्रा ने इसकी तकनीकी बारीकियां से स्टाफ को अवगत कराया तथा इसे सुचारू रूप से लागू करने का रास्ता बताया। महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. कुलदीप दुबे ने अपने संबोधन में बताया कि नई राष्ट्रीय शिक्षा नीति कौशल तथा मूल्य आधारित एवं सतत मूल्यांकन पद्धति के कारण अधिक उपयोगी एवं रोजगारोन्मुखी साबित होगी। उन्होंने विद्यार्थियों एवं पालकों से इसकी बारीकियां को समझने का आव्हान किया। महाविद्यालय के डायरेक्टर फादर अमित तिर्की ने इस शिक्षा नीति को क्रमबद्ध तथा योजनाबद्ध तरीके से सभी छात्र-छात्राओं तक पहुंचाने का आव्हान किया।



**आवश्यकता है**

हरिभूमि छत्तीसगढ़ का नंबर 1 अखबार



हरिभूमि समाचार पत्र को सर्व कार्य हेतु 20 युवकों की आवश्यकता है, जिसके पास स्वयं का वाहन हो, इच्छुक व्यक्ति संपूर्ण बायोडाटा के साथ तुरंत संपर्क करें।

योग्यता : 10वीं, 12वीं, स्नातक

वेतन 10,000 +

Resume Whatsapp करें

9098324969

हरिभूमि कार्यालय

पुजारी पार्क के सामने, टिकरापारा, रायपुर

## खबर संक्षेप



### भाजयुमो ने राहुल गांधी का किया पुतला दहन

**मंदिर हसौद।** भारतीय जनता युवा मोर्चा मंदिर हसौद मण्डल के द्वारा लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष कांग्रेस राहुल गांधी द्वारा हिंदुओं को हिंसक, नफरत फैलाने वाले बेहद शर्मनाक बयान से करोड़ों हिन्दुओं के भावनाओं इससे आहत हुई है उनके द्वारा बयान को लेकर आज भारतीय जनता युवा मोर्चा मंदिर हसौद मण्डल अध्यक्ष महेश यादव के नेतृत्व और वरिष्ठ पदाधिकारियों एवं युवा मोर्चा के उपस्थिति में कांग्रेस नेता राहुल गांधी का पुतला दहन किया गया। इस अवसर पर मंडल अध्यक्ष, कृष्णा वर्मा, महामंत्री नमित यादव, पिछड़ा वर्ग मोर्चा अध्यक्ष रामजी वर्मा, किसान मोर्चा अध्यक्ष परस वर्मा, मण्डल उपाध्यक्ष लक्ष्मीनारायण ठाकुर, विश्वनाथ नायक, अशोक वर्मा, रोहित वर्मा, बलवंत यादव, प्रकाश बघेल, रघुनाथ वर्मा, सोमनाथ यादव, जिला पदाधिकारी विनोद साहू अर्जुन सिन्हा, युवा मोर्चा मंडल अध्यक्ष महेश यादव उपस्थित थे।

### आज निकाली जाएगी जगन्नाथ की रथयात्रा

**मंदिर हसौद।** मंदिर हसौद में हर वर्ष की तरह इस वर्ष भी प्रभू जगन्नाथ की रथ यात्रा नवनीत दुर्गा उत्सव समिति के तत्वाधान में कृष्णा चौक रावण भाटा नागेश्वरी मंदिर बाजार चौक होते हुए बजरंग चौक में प्रस्थान करेगी जो की नवनीत दुर्गा उत्सव समिति के सदस्य श्री रोहित वर्मा द्वारिका यादव देवराज साहू द्वारिका पटेल के द्वारा हर वर्ष पूजा अर्चना कर भगवन जगन्नाथ जी का रथ गांव की सुख समृद्धि की कामना करते है।

### चरौदा में सक्रिय बाल कैबिनेट का गठन

**आरंग।** शासकीय पूर्व माध्यमिक शाला चरौदा में सुरक्षित शनिवार के तहत विभिन्न गतिविधियां कराई गई। जिसके तहत शाला सुरक्षा प्रभारी शिक्षक दीनदयाल धीवर ने बच्चों को वज्रपात से बचाव पर विस्तृत जानकारी दी। प्रभारी शिक्षक महेन्द्र कुमार पटेल के मार्गदर्शन में बाल कैबिनेट का गठन किया गया। जिसमें प्रतीकात्मक रूप से शाला में राष्ट्रपति, उपराष्ट्रपति, प्रधानमंत्री, उप प्रधानमंत्री, मुख्यमंत्री, शिक्षा मंत्री, अनुशासन मंत्री, स्वास्थ्य मंत्री, भोजन मंत्री, संस्कृति मंत्री, योग मंत्री, खेल मंत्री, प्रार्थना मंत्री, जल मंत्री, पर्यावरण मंत्री, शाला प्रबंधन मंत्री इत्यादि मंत्रिमंडल का गठन किया गया। साथ ही बाल कैबिनेट के पदाधिकारियों का शपथ भी दिलाई गई। शिक्षक महेन्द्र ने बताया वहीं बाल कैबिनेट गठन को लेकर बच्चों में गजब का उत्साह देखा गया। साथ ही कैबिनेट के सभी सदस्यों को उनकी जिम्मेदारियां भी बताई गई। इस अवसर पर संस्था प्रमुख के.के. परमाल, वरिष्ठ शिक्षक अशोक कुमार चंद्राकर, सूर्यकांत चंद्राकर, दीनदयाल धीवर, जितेन्द्र यदु, शिक्षिका संगीता पाटले सहित बड़ी संख्या में बच्चों की उपस्थिति व सहभागिता रही।

**समस्या : रेलवे लाइन विस्तार होने के बाद हर 20 मिनट पर बंद होता है फाटक**

# मंदिर हसौद रेलवे फाटक पर ब्रिज बनाने की मांग, लेकिन बनाए जा रहे नेशनल हाईवे पर

हरिभूमि न्यूज ▶▶ मंदिर हसौद

■ राष्ट्रीय राज्य मार्ग में ओवर ब्रिज के निर्माण के चलते यातायात हो रहा प्रभावित

राजधानी रायपुर के पास स्थित मंदिर हसौद जहां के नगरवासी और आसपास के ग्रामीण रेलवे फाटक के बंद होने के चलते परेशान है। जिसमें स्कूल जाने के लिए बच्चों व कामकाजी वर्ग अपना ड्यूटी जाने के लिए फाटक बंद रहने के चलते हमेशा समय पर अपना कार्यस्थल पर नहीं पहुंच पाते। वहीं बच्चों को भी समय पर स्कूल पहुंचने में परेशानियों का सामना करना पड़ता है। यहां कई सालों से स्थानीय लोगों व जनप्रतिनिधियों के माध्यम से रेलवे फाटक पर ओवर ब्रिज निर्माण की मांग किया जा रहा है। लेकिन मंदिर हसौद में रेलवे फाटक पर ब्रिज का निर्माण न होकर नेशनल हाईवे पर और ओवर ब्रिज का निर्माण किया जा रहा है।





वहीं अब रेलवे लाइन की विस्तार होने के बाद अब हर 10 मिनट पर फाटक बंद होता है जो की 10 से 20 मिनट तक बंद रहते हैं। जहां से राष्ट्रीय राज्य मार्ग से होकर विवेकानंद एयरपोर्ट और नया रायपुर राजधानी तथा राजीम धमतरी मार्ग को जोड़ता है। जहां प्रतिदिन हजारों लोगों का इस मार्ग पर आवागमन होता है। वहीं मंदिर हसौद छोटे- बड़े के उद्योग संचालित है, जहां इंडियन ऑयल, एचपी गैस प्लांट, नो मीवान स्टील प्लांट, जिंदल स्टील प्लांट, एफसीआई गोदाम, कई चुना पत्थरों की खदान संचालित है जहां हजारों वाहनों का भी आवागमन होता है जहां से देश के विभिन्न स्थान को जोड़ते हैं।

वहीं मंदिर हसौद में रेलवे फाटक पर ब्रिज का निर्माण न होकर नेशनल हाईवे पर और ओवर ब्रिज का निर्माण स्थानीय व्यापारियों के लिए नुकसान होने से जिससे रोड किनारे स्थित दुकानदारी प्रभावित होगा। राष्ट्रीय राज्य मार्ग एनएच 6 जो मंदिर हसौद से होकर गुजरती है। जहां मंदिर हसौद में राष्ट्रीय राजमार्ग पर आए दिन घटना दुर्घटना को देखते हुए मंदिर हसौद चौक को डेंजर जोन घोषित किया गया है। और राष्ट्रीय राज्य मार्ग मंदिर हसौद चौक पर ओवर ब्रिज का निर्माण किया जा रहा है। वहीं अव्यवस्था के चलते मंदिर हसौद चौक पर शाम होते ही जाम की स्थिति उत्पन्न हो जाती है।

### सर्विस रोड का खस्तहाल



जहां चौक में सिग्नल लाइट महिनो से बंद हजारों वाहनों का वहीं आवागमन लगा रहता है वहीं ओवर ब्रिज के निर्माण के मंदिर हसौद चौक पर अव्यवस्था निर्मित हो रही है। जहां सर्विस रोड का हाल भी खस्ता हाल है। जहां कभी भी घटना होने की स्थिति बनी रहती है। राष्ट्रीय राजमार्ग पर ओवर ब्रिज के निर्माण के चलते रोड किनारे स्थित व्यापारी परेशान राष्ट्रीय राजमार्ग मंदिर हसौद चौक पर जहां ओवर ब्रिज का निर्माण किया जा रहा है। वहीं के निर्माण के चलते उनके पास स्थित व्यापारी जहां दुकान के सामने ग्राहकों के लिए गाड़ी खड़ा करने की कोई व्यवस्था न होने के चलते दुकानों में ग्राहक ही नहीं पहुंच पा रहे हैं, जिससे स्थानीय व्यापारियों के लिए व्यापार करना मुश्किल हो रहा है। वहीं व्यापारियों ने बताया अब पूरे दिन में दुकान का किराया और मजदूरों का रोजी निकलना मुश्किल हो पा रहा हो रहा है। तो राहगीर भी त्रस्त हो रहे। जहां बारिश होने पर राहगीरों को किचड़ से होकर गुजरना पड़ता जहां घटना होने की बनी रहती हैं।

## भाजपा के पितृपुरुष डॉ. श्यामा प्रसाद की मनी जयंती

हरिभूमि न्यूज ▶▶ आरंग


पार्टी कार्यालय नेताजी चौक में भाजपा के पितृपुरुष डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी की 123वीं जयंती मनाई गई। जिसमें सर्वप्रथम डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी के चित्र पर माल्यार्पण कर उन्हें याद किया गया। उनके जीवन परिचय पर चर्चा हुई। भाजपा कार्यकर्ताओं ने वार्ड क्रमांक 7 समुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में एक पेड़ मां के नाम से चल रहे अभियान में शामिल होकर पौधारोपण किया। संकल्प दिलाया गया कि जो पौधे हमने लगाए है उनकी सुरक्षा की जिम्मेदारी भी हमारी होगी। इस दौरान आरंग मंडल अध्यक्ष ने अपने उद्बोधन मे कहा कि "एक देश, एक विधान, एक संविधान" का नारा देने वाले डॉ. मुखर्जी का देश की अखंडता के लिए विशेष योगदान रहा। कार्यक्रम में देवनाथ साहू मंडल अध्यक्ष आरंग, अभिषेक तंबोली जिला मंत्री भाजपा, कृष्ण कुमार भारद्वाज वरिष्ठ भाजपा नेता, अशोक चंद्राकर भाजपा मंडल महामंत्री, बेदराम खुंटे सांसद प्रतिनिधि, चंद्रशेखर साहू पूर्व नगर पालिका उपाध्यक्ष, वेदप्रकाश देवांगन मंडल अध्यक्ष युवा मोर्चा, संतोष चंद्राकर, दिलीप जलक्षत्री, मंडल मंत्री, विक्रम परमार, नरेंद्र लोधी, सनत साहू, नंदकुमार ढीढी, राकेश सोनकर, विनोद साहू, सतीश सोनकर, संतोष लोधी, इंद्रजीत साहू, सूर्यकांत खेलन, फग्गु यादव, खूबचंद साहू, बिट्ठल साहू, कैलाश साहू, उपस्थित रहे।



## आर्टिफिशियल ज्वेलरी को गोल्ड समझकर चुराया, तीन गिरफ्तार

**आरंग।** आरंग में गहना चोरी करने वाले चोर गिरोह को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। 3 चोरों ने मिलकर एक ज्वेलरी शॉप में ताला तोड़कर गहनों की चोरी कर ली थी, हालांकि चोरी किये गए सभी गहने आर्टिफिशियल ज्वेलरी थे, जिसे चोरों ने असली सोना समझ कर चुराया था। आरंग पुलिस ने मामले की जांच में सीसीटीव्ही में उनके गाड़ी नंबर के आधार पर तीनों आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया है। पुलिस के अनुसार प्रार्थी हेमंत सोनी का आरंग के शासकीय बद्रीप्रसाद लोधी कालेज के गेट के सामने हेमंत ज्वेलर्स नाम से ज्वेलरी का दुकान है। बीते 01 जुलाई की रात करीब 2:30 बजे प्रार्थी को घटना की जानकारी मिली, जिसके बाद उसने आरंग पुलिस को सूचना दी। पुलिस अधीक्षक संतोष कुमार सिंह ने मामले को गंभीरता से लेते हुए अज्ञात आरोपी की पतासाजी कर जल्द से जल्द गिरफ्तार करने हेतु निर्देश दिया। जिस पर एण्टी क्राईम और साईबर क्राइम की संयुक्त टीम ने आरोपी की पतासाजी कर आरोपियों को धर दबोचा।





जानकारी के मुताबिक, पुलिस ने जानकारी मिलने पर सबसे पहले आरोपी सूर्या अनंत उर्फ नंकु पिता रोहित अनंत उम्र 21 साल निवासी कैरदा मोड़ लवन जिला बलौदाबाजार हाल पत ग्राम रसौटा पोस्ट व थाना पलारी जिला बलौदा बाजार को सबूतों के आधार पर पकड़ा। पुलिस की पूछताछ में उसने अपने 2 अन्य साथी रवि कोशले उर्फ वीरू पिता नूर दास कोशले उम्र 26 साल निवासी ग्राम अकोलीकला पोस्ट, छटेरा थाना आरंग जिला रायपुर हाल पता काली नगर पंडरी थाना सिविल लाईन रायपुर एवं प्रीतम डहरिया उर्फ पपली पिता खीरचंद डहरिया उम्र 18 साल निवासी ग्राम अमसेना पोस्ट थाना खरोरा रायपुर हाल पता सतनामी मोहल्ला जैतखाम के पास मोवा थाना पंडरी रायपुर के साथ मिलकर चोरी की घटना को अंजाम देना स्वीकार किया। इसके बाद पुलिस ने अन्य दो आरोपियों को भी खोज निकाला और गिरफ्तार कर लिया है। इसके साथ ही चोरों के कब्जे से लगभग 75,000 रूपये कीमती चोरी किए गए 20 जोड़ी चांदी की बिछिया, तौल कांटा, बिल बुक और आर्टिफिशियल ज्वेलरी समेत आरोपियों की चोरी में इस्तेमाल की गई सीडी डीलक्स मोटर सायकल जप्त कर लिया गया।

## मोवा में नगर निगम की पहली गारमेंट फैक्ट्री, संचालन के लिए जल्द होगा टेंडर

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रायपुर

मोवा क्षेत्र में बीएसएनएल आफिस के पास 45 हजार वर्गफीट जगह पर निर्मित नगर निगम की पहली गारमेंट फैक्ट्री संचालन के लिए एजेंसी तय करने जल्द टेंडर होगा। इसकी प्रक्रिया इन दिनों चल रही है। चयनित एजेंसी 1 हजार सिलाई मशीन की खरीदी सहित अन्य संसाधन खुद के खर्च पर जुटाएगी। नगर निगम ने पहले चरण में 4 करोड़ खर्च कर इसका इंफास्ट्रक्चर खड़ा करने का काम पहले ही पूरा कर लिया है।

शहर के मोवा क्षेत्र में नगर निगम द्वारा पीपीपी मोड पर गारमेंट फैक्ट्री शुरू करने की तैयारी है। फैक्ट्री संचालन के लिए एजेंसी तैयार करने योजना शाखा जल्द ऑनलाइन टेंडर करेगी। महिलाओं को हुनरमंद बनाने चयनित एजेंसी आसपास की महिलाओं का चयन कर उन्हें सिलाई का निःशुल्क प्रशिक्षण के साथ फैक्ट्री में रोजगार उपलब्ध करायेगी। गारमेंट फैक्ट्री में महिलाएं जींस, ट्राउजर सहित ऐसे ही अन्य तरह के लेटेस्ट गारमेंट बनाना सीखेंगी। उनके द्वारा तैयार उत्पाद का मार्केट गारमेंट फैक्ट्री का संचालन करने वाली एजेंसी उपलब्ध करायेगी।



### इंफास्ट्रक्चर खड़ा करने नगर निगम ने किये 4 करोड़ खर्च

गारमेंट फैक्ट्री स्थापित करने रायपुर नगर निगम ने इसके लिए प्रथम चरण में 4 करोड़ रुपये का टेंडर शेड निर्माण, बाउंड्रीवाल, साइड रोड का निर्माण, गंदे पानी के निकास के लिए ड्रेनेज सिस्टम, परिसर में पानी की व्यवस्था और कर्मचारियों के लिए शौचालय का निर्माण कराया है। इसके साथ ही आउटर के डेवलपमेंट का काम शामिल है।

## कन्याशाला में मनाया गया प्रवेश उत्सव

**मंदिर हसौद।** नगर पालिका परिषद मंदिर हसौद में स्थित शासकीय कन्या उच्चतर माध्यमिक विद्यालय मंदिर हसौद एवं शासकीय कन्या पूर्व माध्यमिक शाला मंदिर हसौद के द्वारा 6 जूलाई को शाला प्रवेश उत्सव एसएमसी एवं एसएमडीसी के पदाधिकारी की उपस्थिति में मनाया गया। सर्वप्रथम सरस्वती मां की पूजा अर्चना एवं सरस्वती वंदना किया गया उसके पश्चात छात्राओं द्वारा स्वागत गीत प्रस्तुत किया गया।

समस्त अतिथि गणों का स्वागत किया गया। प्रधान पाठक श्री चंद्रा सर द्वारा स्वागत भाषण प्रस्तुत किया गया एवं नव प्रवेशी छात्राओं कक्षा -6वी एवं 9वी के छात्राओं का तिलक लगाकर एवं मुंह मीठा कराकर स्वागत किया गया। इस दौरान पाठ्य पुस्तक का वितरण किया गया और श्री बलवंत यादव जी द्वारा प्रदत्त 50 जूते एवं मोज़े जरूरतमंद छात्राओं को वितरण किया गया और बलवंत यादव द्वारा छात्राओं के भविष्य की कामना करते हुए उद्बोधन दिया गया। कार्यक्रम में उपस्थित बल्ला यादव, रामजी वर्मा अशोक वर्मा, अश्वनी सोनी, रघुवेंद्र मानिकपुरी ने बच्चों के उज्जवल भविष्य के लिए मार्गदर्शन दिया गया। अंत में प्राचार्य महोदय श्री कन्नौजे द्वारा सभी अतिथियों, शिक्षकों व छात्राओं का आभार व्यक्त किया गया।

## रौनक ने मेडिकल कॉलेज प्रवेश परीक्षा में बाजी मारी



**तिल्दा नेवरा।** स्वामी विवेकानंद राष्ट्रीय पुनर्वास प्रशिक्षण एंव अनुसंधान संस्थान, एस. वी. निरन्तर, भारत सरकार के सामाजिक न्याय और अधिकारिता मंत्रालय के अधीन विकलांगता विभाग में एक स्वंयशासी संस्थान है, जिसके द्वारा पूरे भारत देश मे प्रवेश परीक्षा का आयोजन किया गया था जिसमें 16 लाख परीक्षार्थी शामिल हुए थे, जिसमें रौनक वर्मा पिता राजेश वर्मा ग्राम छपोरा तिल्दा नेवरा ने 467 रैंक अंक प्राप्त कर उपलब्धि हासिल किए है जिसके कारण संबंधित संस्था के विश्वविधालय में आसानी से देश के प्रमुख राज्य उड़ीसा, असम, दिल्ली, चेन्नई के गवर्मेंट कॉलेजों में दाखिल आसानी से हो जाएंगे। रौनक वर्मा बचपन से ही प्रतिभावान, होनहार व मेधावी छात्र रहे है, जो टोहड़ा हाई स्कूल व हायर सेकेंडरी के टॉपर में भी अपना जौहर दिखा चुके है।

गौरतलब है कि ग्राम छपोरा के ही प्रतिभावान छात्रों ने मेडिकल परीक्षा में प्रवेश लेने परीक्षा दिलाये थे जिसमें ग्राम छपोरा के ही रौनक वर्मा के साथ- साथ तुषार वर्मा पिता परस वर्मा, राहुल वर्मा पिता राजेन्द्र वर्मा ने भी अच्छे अंक प्राप्त कर एमबीबीएस व बीएएमएस में चयन हो रहे हैं। रौनक वर्मा के इस सफलता के लिए मनवा कुर्मी समाज के अध्यक्ष चोवा राम वर्मा, राजप्रधान तिल्दा राज के ठाकुर राम वर्मा, राज्यमंत्री दौलत धुरंधर, विश्वनाथ वर्मा सहित राजकार्यकरिणी ने बधाई दी है।

## भाजपाइयों ने मनाई डॉ. श्यामा प्रसाद की जयंती



**तिल्दा नेवरा।** भारतीय जनता पार्टी तिल्दा नेवरा शहर मंडल के द्वारा शनिवार को डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी की जयंती मनाई गई। सबसे पहले डॉ श्यामा प्रसाद मुखर्जी चौक पर उनकी मूर्ति पर माल्यार्पण कर श्रृद्धांजलि अर्पित की गई तत्पश्चात भाजपा कार्यालय में उनके तैल चित्र पर पुष्पांजलि अर्पित कर उनका पुण्यस्मरण किया गया। कार्यक्रम के बाद मंडल अध्यक्ष सुरेश वर्मा एवं नगरपालिका अध्यक्ष श्रीमती लेमिक्षा गुरु डहरिया के नेतृत्व में भाजपा कार्यालय के सामने एवं सार्वजनिक मुक्तिधाम नेवरा के समीप भाजपा कार्यकर्ताओं द्वारा वृक्षारोपण भी किया गया। कार्यक्रम में प्रमुख रूप से भाजपा तिल्दा नेवरा शहर मंडल अध्यक्ष सुरेश वर्मा, नगरपालिका अध्यक्ष लेमिक्षा गुरु डहरिया, पूर्व नगरपालिका अध्यक्ष महेश अग्रवाल, पार्षद कृष्णा अनिल शर्मा, पार्षद विकास कोटवानी, पार्षद रवि सेन, पार्षद राजकुमार गेंढ्रे, युवा मोर्चा अध्यक्ष सतीश निषाद, लखमीचंद नागवानी, रमेश रिंकू अग्रवाल, अनिल शर्मा, चैंबर ऑफ कॉमर्स के अध्यक्ष राजेश सेतपाल, कृपा राम पटेल, डॉ खूबचंद वर्मा, जय केसरवानी, शैलेंद्र डहरिया, सोनू पंजवानी, रजत केसरवानी, अमित भट्टर सहित अनेक भाजपा नेता एवं कार्यकर्ता उपस्थित हुए।

## खुले में घूम रहे गौवंश, धान की फसल को पहुंचा रहे नुकसान



**आरंग।** खुले में घूम रहे जानवर सभी के लिए गंभीर समस्या पैदा कर रहे है। हर गांव में 100 से अधिक जानवर खुले में घूम रहे है, जो धान की फसल को नुकसान पहुंचा रहे हैं। इसी तरह सड़कों पर वे झुंड में बैठे रहते हैं, जिससे प्रतिदिन सड़क दुर्घटनाएं हो रही है। ऐसा कोई दिन नहीं बितता जिस दिन ट्रकों के पहिए के नीचे गौ माता कालकवलित ना होता हो। पहले हर ग्राम पंचायत तथा गांव में कांजी हाउस चलता था, आज सभी कांजी हाउस पूरी तरह बंद हो चुके हैं।

वर्तमान छत्तीसगढ़ शासन द्वारा गौठान योजना को भी बंद कर दिया गया है, जहां आवारा मवेशियों को रखा जाता था। गौठान योजना के विकल्प के रूप में शासन द्वारा गौ अभ्यारण बनाने की बात कही थी, जिसका कहीं नामोनिशान नहीं है। स्थानीय व्यवस्था के तहत ग्रामवासी लावारिस पशुओं को अगर गौठान में रखते है तो वहां चारे की कोई व्यवस्था नहीं है।,यानि जबरन गौठान में मवेशियों को रख दिया गया तो बगैर चारा पानी के उनकी बड़ी संख्या में मृत्यु निश्चित है और अगर मवेशियों ने सड़क का शरण लिया तो कुचलकर मृत्यु निश्चित है।

आखिर छत्तीसगढ़ सरकार इस संवेदनशील मुद्दे पर चुप क्यों है। किसान नेता पारसनाथ साहू, गोविंद चंद्राकर तथा अनेक सरपंचों ने चिंता व्यक्त करते हुए छत्तीसगढ़ शासन से आग्रह किया है किसान के फसलों को बचाने व सड़कों पर हो रही गाय की मौत को रोकने तत्काल उचित कार्यवाही करें।

**6 एकड़ में की गई अवैध प्लाटिंग पर कार्रवाई**

# अवैध प्लाटिंग पर प्रशासन का चला बुलडोजर

हरिभूमि न्यूज ▶▶ आरंग



आरंग में अवैध प्लाटिंग और शासकीय जमीन पर अतिक्रमण की शिकायतों पर प्रशासन ने बड़ी कार्यवाई की है। आरंग राजस्व विभाग, नगर पालिका प्रशासन और आरंग पुलिस की संयुक्त टीम ने आरंग-नयापारा मार्ग पर ओड़का के पास लगभग 6 एकड़ में किए गए अवैध प्लाटिंग पर कार्रवाई की है। आरंग तहसीलदार सीता शुक्ला ने बताया कि रायपुर कलेक्टर गौरव कुमार सिंह के निर्देश पर आरंग एसडीएम पुष्पेंद्र शर्मा के मार्गदर्शन में आरंग नगर पालिका क्षेत्र के खसरा नंबर 3773 जो की रायपुर के राजीव सोनी नामक व्यक्ति के नाम पर दर्ज है, उसमे लगभग 06 एकड़ जमीन पर अवैध प्लाटिंग करते हुए रोड और पोल लगाया गया था, जिसे बुलडोजर के माध्यम से तोड़ा गया है। इस दौरान मुख्य नगर पालिका अधिकारी खेलकुमार पटेल भी मौजूद रहे। तहसीलदार सीता शुक्ला ने क्षेत्र में अवैध प्लाटिंग करने और शासकीय जमीन पर अतिक्रमण करने वाले भूमाफियाओं को भी चेतावनी देते हुए कहा कि आरंग क्षेत्र में अवैध प्लाटिंग और शासकीय जमीन पर अतिक्रमण बिल्कुल भी बर्दाश्त नही किया जाएगा। आरंग क्षेत्र में कार्रवाई में अभी और तेजी आएगी। जहां भी शिकायत प्राप्त हो रही है वहां तुरंत कार्यवाई की जा रही है। पटवारियों द्वारा भी अवैध प्लाटिंग और शासकीय जमीन में अतिक्रमण करने वालो पर नजर रखी जा रही है और रिपोर्ट तैयार किया जा रहा है। जल्द ही बड़े पैमाने पर कार्यवाई की जायेगी।


### गुमशुदा सूचना



दिनांक 18/06/2024 को 8:45 बजे सुबह रायपुरा चौक वसुंधरा नगर चंगोराभाठा रायपुर से दिपिका पटवा पिता स्व. कृष्ण कुमार पटवा उम्र 24 वर्ष घर से बिना बताये कहीं चली गयी है। हुलिया- ऊंचाई 5 फीट, रंग- सांवली, सामान्य ब्लू कलर की टी- शर्ट पेंट पहनी है। हिन्दी-छत्तीसगढ़ी जानती है। जिस किसी सज्जन को मिले या दिखें निम्न नंबरों पर संपर्क करें। पता बताने वाले को उचित इनाम दिया जायेगा।

संपर्क करें **हिमांश पटवा**
मो. 70000-83831, 91651-83186

पत्र क्र. 12180/ न.पा.नि./ जोन क्र.-10/ 2024,
रायपुर, दिनांक 02.07.2024

**ईश्तहार**

नामांतरण प्र.क्र. 12180 वार्ड का नाम- 53 बाबू जगजीवनराम वार्ड

एतद द्वारा सूचित किया जाता है कि वार्ड 53 स्थित भवन /भूमि जिसका प्रॉपर्टी आई. डी. **RPR446J01325** जो की निगम अभिलेख श्री श्रीमती **ABHISHEK JAISINGHANI** पिता/पति श्री/श्रीमती **ANIL JAISINGHANI** के नाम से दर्ज हैं जिसको श्री/श्रीमती **TRUPTIMAYEE SIA** पिता/पति श्री/श्रीमती **AMARESH SIA** ने मृत्यु प्रमाण पत्र सह पत्र शपथ पत्र दान पत्र, हिब्बानामा, रजिस्ट्री विलेख के अनुसार/ **पंजीकृत विक्रय विलेख** /वंशानुक्रम/ अन्य अभिलेख द्वारा प्राप्त नगर पालिक निगम अधिनियम 1956 की धारा 167 के तहत द्वारा आवेदन किया है। यदि कोई व्यक्ति/ संस्था उपरोक्त स्वामित्व परिवर्तन में हक या दावा रखते है, प्रकाशन के 30 दिन के भीतर प्रकरण क्रमांक सहित लिखित में अपना दावा प्रस्तुत करे। निर्धारित समयावधि पश्चात प्राप्त दावा /आपति पर किसी प्रकार की सुनवाई नहीं की जाएगी। जिसके लिए यह कार्यालय जिम्मेदार नहीं होगा।

सूचना जारी करे।
**श्री दिनेश कोसरिया**
**(जोन कमिश्नर) जोन क्र. 10**
**नगर पालिक निगम रायपुर (छ.ग.)**

**कार्यालय राजस्व निरीक्षक मण्डल रायपुर-7 मोवा तहसील व जिला रायपुर**
**सीमांकन के संबंध में आम सूचना**
**जारी दिनांक 04/07/2024**

एतद् द्वारा सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदक प्रदीप कुमार अग्रवाल पिता रामावतार अग्रवाल निवासी जवाहर नगर रायपुर द्वारा आवेदित भूमि ग्राम मोवा प.ह.नं.45 नंबर. रा.नि.म. रायपुर-7 मोवा तहसील व जिला रायपुर स्थित भूमि जिसका खसरा नंबर 249/4 रकबा 0.0320 हे. भूमि का सीमांकन न्यायालय तहसीलदार रायपुर के आदेश के परिपालन में दिनांक 15/07/24 को समय 2.00 बजे पश्चात मेरे द्वारा रखा गया है।

उक्त सीमांकन के संबंध में जिस किसी व्यक्ति या संस्था को किसी भी प्रकार की दावा/आपत्ति हो तो उल्लेखित तिथी को पटवारी कार्यालय में मय दस्तावेज नियत समय तक प्रस्तुत कर सकते हैं। नियत तिथी पश्चात किसी भी प्रकार की दावा/आपत्ति पर विचार नहीं किया जावेगा।

**राजस्व निरीक्षक**
**रायपुर-07 (मोवा)**

**आमसूचना**

**(ग्राम टेमरी प.ह.नं. 78 रा.नि.म. रायपुर 18 कांदुल तहसील रायपुर जिला रायपुर छ.ग में स्थित भूमि जिसका खसरा नंबर 259/53 रकबा 0.130 हे. (भूमिस्वामी गौतम पिता गोविंदराम छापडिया) खसरा नंबर 259/52 रकबा 0.130 हे. (भूमिस्वामी कैलाश पिता परसराम छापड़िया) भूमि के संबंध में)**

एतद् द्वारा सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मेरे पक्षकार ने भूमिस्वामी श्री गौतम पिता गोविंदराम छापड़िया व श्री कैलाश पिता परसराम छापड़िया दोनों निवासी बरगढ़ उड़िसा के हक, हित, स्वामित्व व आधिपत्य की भूमि जो कि ग्राम टेमरी प०ह०नं० 78 रा०नि०म० रायपुर 18 कांदुल तहसील रायपुर जिला रायपुर छ.ग में स्थित भूमि जिसका खसरा नंबर 259/53 रकबा 0.130 हे. (भूमिस्वामी गौतम पिता गोविंदराम छापड़िया) खसरा नंबर 259/52 रकबा 0.130 हे. (भूमिस्वामी कैलाश पिता परसराम छापड़िया) भूमि है को क्रय करने का पक्का सौदा तय कर लिया गया है। मात्र बैनामा पंजीयन की कार्यवाही शेष है।

अतः उपरोक्त भूमि के संबंध में जिस किसी भी व्यक्ति, निगम, वित्तीय संस्था, अर्द्धशासकीय शासकीय संस्था को उपरोक्त भूमि/संपत्ति के स्वत्व एवं आधिपत्य के संबंध में कोई भी उजर दावा या आपत्ति हो तो मेरे कार्यलय में मय दस्तावेज सहित आपत्ति 07 दिनों के भीतर प्रस्तुत करें। बाद म्याद की गई कोई भी आपत्ति मेरे पक्षकार के उपर बंधनकारी नहीं होगा एवं अवैध व शुन्य माना जावेगा। तथा मेरा पक्षकार उक्त भूमि के विक्रय प्रतिफल की संपूर्ण राशि अदा कर अपने पक्ष में बैनामा पंजीयन की कार्यवाही कराने के लिए स्वतंत्र रहेगा।

**सो सूचना जाने।**

**रायपुर छ.ग.**
**दिनांक 06.07.2024**
**आशीष तिवारी (अधिवक्ता)**
**पता साहू किराना स्टोर्स के सामने रावतपुरा कॉलोनी फेस-1 मठपुरैना रायपुर छ.ग.**
**मो.नं. 98279-81229, 83195-82060**